संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, शनिवार 28 फरवरी 2026 ₹ 1 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee



पीएम विकसित भारत के लिए टेक्नोलॉजी, सुधार और फाइनेंस पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 17 अंक: 59 पृष्ठ: 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# दिल्ली शराब नीति केस: अरविंद केजरीवाल-सिसोदिया कोर्ट से बरी

## कोर्ट ने बोला- सीबीआई ने साजिश की कहानी गढ़ी; जांच एजेंसी ने 6 घंटे बाद ही हाईकोर्ट में अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी कर दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा- दोनों के खिलाफ सबूत नहीं है, आरोप साबित नहीं होता। सीबीआई ने साजिश गढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका सिद्धांत ठोस सबूतों की जगह अनुमान पर था।
सीबीआई ने इस मामले में कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने सभी के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए सभी को बरी कर दिया। जांच एजेंसी ने फैसले के करीब 6 घंटे बाद दिल्ली हाईकोर्ट में अपील कर दी।
वहीं, बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा- मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। इन्होंने झूठा केस लगाया। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं। वहीं, कोर्ट के फैसले पर मनीष सिसोदिया ने कहा- हमें एक बार फिर गर्व हो रहा हैं अपने संविधान पर और बी.आर. अंबेडकर पर, जिन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया। सच की फिर से जीत हुई है। केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह इस तहर संविधान के साथ खिलवाड़ मत करें। आपको सत्ता चाहिए, अच्छे काम कीजिए। आज देश के सामने कितनी बड़ी समस्याएं हैं। महंगाई है, बेरोजगारी है, पूरे देश में सड़कें टूटी पड़ी हैं, चारों तरफ पॉल्यूशन ही पॉल्यूशन है, चारों तरफ देश में इतनी समस्याएं हैं उनका समाधान करके सत्ता में आइए न। केजरीवाल पर आम आदमी पर्टी पर झूठे केस क्यों करते हैं। अच्छा काम करके सत्ता में आइए। इस तरह के झूठे केस करना और चौबीस घंटे विपक्षियों पर ऊटपटांग झूठे केस करना उन्हें जेल में डालना ये प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता। इससे देश आगे नहीं बढ़ता। देश तब आगे बढ़ेगा, जब जनता की समस्यों का समाधान किया जाएगा।



### सीबीआई ने की दिल्ली हाईकोर्ट में अपील

आबकारी नीति मामले में केजरीवाल समेत 23 आरोपियों को बरी किए जाने पर सीबीआई ने कहा- जांच के कई पहलुओं को या तो नजरअंदाज किया गया या पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया। ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ तुरंत दिल्ली हाई कोर्ट में अपील करेंगे।
**राउज एवेन्यू कोर्ट की 4 बड़ी बातें**
कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी किया। कहा कि हजारों पन्नों की चार्जशीट में कई खामियां हैं और उसमें लगाए गए आरोप किसी गवाह या बयान से साबित नहीं होते।
चार्जशीट में विरोधाभास हैं, जो कथित साजिश (आरोपों) की पूरी थ्योरी को कमजोर करते हैं। अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी (आईओ) के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं।

### दिल्ली शराब घोटाला: 'पीएम मोदी-अमित शाह पूरे देश से माफी मांगें: केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ सालों से जिस तरह से बीजेपी शराब घोटाला, शराब घोटाला कर रही थी। हमारे ऊपर आरोप लगा रही थी। आज कोर्ट ने सारे आरोप खारिज कर दिए और हम सबको डिस्चार्ज कर दिया। हम हमेशा कहते थे कि हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है। मैं जज साहब का बहुत-बहुत शुक्रिया करता हूं, जिन्होंने हमारे साथ न्याय किया। सत्य की जीत हुई। भगवान हमारे साथ है। मोदी और अमित शाह ने मिलकर आजाद भारत का यह सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा। आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए हमारी पार्टी के सबसे बड़े पांच नेताओं को जेल में डाल दिया। आज तक आजाद भारत के इतिहास में ऐसा नहीं हुआ। सिटिंग चीफ मिनिस्टर को घर से घसीटकर जेल में डाला गया और छह महीने तक जेल में रखा गया। हमारे उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जी को दो साल तक जेल में रखा गया। हमारे ऊपर कीचड़ फेंका गया। 24 घंटे टीवी चैनलों पर डिबेट चलती थी, खबरें दिखाई जाती थीं कि... इतना कहते ही अरविंद केजरीवाल रो पड़े। उन्हें बाजू में खड़े मनीष सिसोदिया ने ढाढस बंधाया,,इसके बाद केजरीवाल ने फिर बोलना शुरू किया, उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं कि सत्ता के लिए इस तरह से खिलवाड़ मत कीजिए देश के साथ।



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान के जैसलमेर एयर फोर्स स्टेशन पर स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी।

# टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद रुको और इंतजार करो के मोड में भारत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अमेरिकी टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत रुको और इंतजार करो की रणनीति अपना रहा है। पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार अमेरिका के साथ संवाद में है और बदलती स्थिति के बीच देश के हितों की रक्षा करते हुए बेहतर व्यापार समझौते पर ध्यान दे रही है। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत फिलहाल रुको और इंतजार करो की स्थिति में है और हालात लगातार बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार देश के हितों की रक्षा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है।



**गोयल ने कहा कि भारत**
अमेरिकी प्रशासन के साथ लगातार संवाद में है और आंतरिक स्तर पर भी विचार-विमर्श जारी है। उन्होंने कहा कि यह एक विकसित होती स्थिति है। हम घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं और यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत के सर्वोत्तम हित सुरक्षित रहें। मंत्री ने आश्वस्त किया कि भारत बेहतर अवसरों के लिए संवाद की नीति पर कायम है और वैश्विक व्यापार में अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति मजबूत करने के लिए प्रयास जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हो रही बातचीत का उद्देश्य ऐसा समझौता सुनिश्चित करना है, जिससे भारत को अन्य उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिल सके और राष्ट्रीय हित के क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर खुलें। भारत की बातचीत की स्थिति पर सवाल के जवाब में गोयल ने कहा कि परिस्थितियां अभी गतिशील हैं और विभिन्न स्तरों पर संवाद जारी है।

# सभी कर्मचारियों का वेतन होली से पहले देना सुनिश्चित करें: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के पर्व से पहले ही सभी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि त्योहार के मद्देनजर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग तय समयसीमा का कड़ाई से पालन करें।
आउटसोर्सिंग, संविदाकर्मी, सफाईकर्मी समेत सभी श्रेणी के कर्मियों का भुगतान भी त्योहार से पहले सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि किसी भी कर्मचारी को पर्व के दौरान आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने शनिवार 28 फरवरी को कार्यदिवस घोषित कर दिया है। वहीं, कर्मचारियों को 03 मार्च का अवकाश दिया जाएगा। होली पर्व के अवसर पर 2, 3 और 4 मार्च को अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि भुगतान और अवकाश संबंधी आदेशों के पालन में किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कर्मचारियों के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी।

# कोई नहीं कर सकता हमारे आदेश का उल्लंघन: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिलकुल स्पष्ट हैं। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक



अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे।
**न्यायिक अधिकारियों के लिए जारी किया प्रशिक्षण मॉड्यूल : बंगाल सरकार**
पश्चिम बंगाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के सामने इस मामले का उल्लेख किया। उन्होंने पीठ से कहा, 'चुनाव आयोग ने पीठ पीछे न्यायिक अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया है जिसमें कहा गया है कि उन्हें क्या स्वीकार करना चाहिए और क्या नहीं।'
इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राज्य में इस प्रक्रिया के लिए तैनात न्यायिक अधिकारी इस संबंध में फैसले लेंगे। सीजेआई ने कहा, 'हम इस तरह की बातें बर्दाश्त नहीं कर सकते।

> न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी: सुप्रीम कोर्ट

# शराब नीति: कानूनी प्रक्रिया अभी खत्म नहीं हुई: बीजेपी




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के कथित शराब घोटाले मामले में आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद आप में खुशी की लहर है।
इसी के साथ आप नेता भाजपा पर हमलावर हैं और सत्तारूढ़ दल पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रही है। वहीं अब शराब नीति मामले में बरी किए जाने के बाद भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।
**सुधांशु त्रिवेदी का बयान**
भाजपा नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि इस मामले को अभी और न्यायिक जांच का सामना करना पड़ सकता है। भाजपा सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'अदालत ने सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया है। यह एक तकनीकी मुद्दा है। सीबीआई इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी। पार्टी फैसले का विस्तार से अध्ययन करने के बाद एक सुनियोजित जवाब देगी। हमें यह सोचना चाहिए कि अगर आरोप निराधार थे, तो फिर आरोप कैसे लगाए गए?
**अमित मालवीय ने साधा निशाना**
वहीं भाजपा नेता और पार्टी के आईटी सेल के राष्ट्रीय प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पोस्ट में कहा,'दिल्ली उत्पाद शुल्क मामले में फैसला निचली अदालत ने सुनाया है। अतीत में दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी संबंधित मामलों में कड़े और निंदनीय बयान दिए हैं। यह देखना बाकी है कि उच्च न्यायालयों में यह फैसला कितना खरा उतरता है। कानूनी प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है।'

# भारत की जीडीपी वृद्धि दर घटकर 7.8% हुई

**टीम एक्शन इंडिया**



**नई दिल्ली:** भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपने मजबूत प्रदर्शन से बाजार और अर्थशास्त्रियों को चौंका दिया है। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद ) के आंकड़े जारी हो गए हैं, जिसने 7.8 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की है। चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.4% थी। देश की अर्थव्यवस्था की इस तेज रफ्तार और इसके पीछे के मुख्य कारणों को आइए एक आसान सवाल-जवाब के जरिए विस्तार से समझते हैं।
वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के ताजा जीडीपी आंकड़े क्या कहते हैं?
नए आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में खत्म हुई तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ी है। देश के आर्थिक आंकड़ों के हालिया 'रीसेट' के बीच आई यह रिपोर्ट देश के सकारात्मक आर्थिक रुझान को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। अर्थशास्त्रियों ने अनुमान लगाया था कि दिसंबर तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी (यह अनुमान 7% से 8.7% के दायरे में था)। लेकिन 7.8 प्रतिशत का वास्तविक आंकड़ा यह साबित करता है कि देश में आर्थिक गतिविधियां बाजार की उम्मीदों से कहीं ज्यादा बेहतर स्थिति में हैं।
**त्योहारी मांग:** तीसरी तिमाही के दौरान त्योहारों का सीजन होने की वजह से बाजार में उपभोक्ताओं की मांग में जबरदस्त इजाफा देखा गया। जीएसटी में कटौती: सरकार द्वारा विभिन्न सेक्टर्स में की गई जीएसटी कटौती ने उत्पादन को बढ़ाने में बड़ा सहारा दिया है, जिसका सीधा असर विकास दर पर पड़ा है। तब जीडीपी ग्रोथ 6.2 प्रतिशत (2011-12 आधार वर्ष के साथ) रही थी।

# प्रॉपर्टी आईडी मामले में हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन ने अंबाला निवासी सुरजीत कौर के नए प्रॉपर्टी आईडी जारी करने संबंधी प्रकरण में सभी तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने मामले की समीक्षा के दौरान प्रशासनिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने पर बल दिया। आयोग के संज्ञान में आया कि शिकायतकर्ता की अपीलें प्रथम अपीलीय प्राधिकारी



(एफजीआरए) स्तर पर निरस्त कर दी गई थीं। तत्पश्चात आयोग द्वारा 09.02.2026 को पारित अंतरिम आदेश के बाद संबंधित संपत्ति को अधिकृत श्रेणी में दर्शाया गया। पूर्व में 04.02.2026 को नगर निगम द्वारा प्रस्तुत उत्तर में प्लॉट को अधिकृत नहीं बताया गया था। हालांकि, आयोग द्वारा विस्तृत तथ्यों की मांग किए जाने के उपरांत यह स्पष्ट किया गया कि संपत्ति गांव की सीमा एवं अधिकृत क्षेत्र की सीमा पर स्थित है। आयोग ने अपने अवलोकन में यह भी उल्लेख किया कि हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के अंतर्गत एफजीआरए एवं एसजीआरए को अपीलों के निस्तारण हेतु 30 कार्य दिवस का समय निर्धारित है। आयोग ने सुझाव दिया कि नागरिकों की शिकायतों का समाधान यथासंभव प्रारंभिक स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें उच्च स्तर तक जाने की आवश्यकता न पड़े। आयोग ने 09.10.2025 को अपील निरस्त करने वाले तत्कालीन एफजीआरए तथा 01.12.2025 को अपील निरस्त करने वाले अधिकारी को हरियाणा सेवा का अधिकार (प्रबंधन) विनियम, 2015 के विनियम 10 के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दोनों अधिकारियों से अधिनियम की धारा 17(1)(डी) के तहत स्पष्टीकरण मांगा गया है कि राज्य सरकार को विभागीय कार्रवाई की संस्तुति क्यों न की जाए।

> प्रॉपर्टी आईडी जारी करने संबंधी प्रकरण में सभी तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए आवश्यक निर्देश जारी

# शंकराचार्य को राहत: अविमुक्तेश्वरानंद केस में कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**



**प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दर्ज यौन उत्पीड़न मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अदालत के आदेश के तहत अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई पर अंतरिम संरक्षण प्रदान किया गया है। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश हुए अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने याचिका पोषणीयता पर सवाल उठाए। कहा कि अग्रिम जमानत के लिए सीधे हाईकोर्ट नहीं आ सकते। उन्होने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया। शंकराचार्य के वकील ने कहा पीड़ित का मुकदमा संरक्षक के जरिए दर्ज कराया है। माता-पिता और अभिभावकों का कोई पता नहीं है। सरकार ने कहा कि असाधारण हालात में ही अग्रिम जमानत सीधे हाईकोर्ट आ सकती है।

### चिकित्सा महाविद्यालयों के विशेषज्ञों के लिए आयोजित होंगे एक्सपोजर टुअर : मुख्यमंत्री

# सुक्खू ने आईजीएमसी शिमला में 3 टेस्ला एमआरआई मशीन का किया शुभारम्भ

> प्रदेश सरकार ने आईजीएमसी में 20 साल पहले स्थापित पुरानी एमआरआई मशीन को अत्याधुनिक एमआरआई मशीन से बदला है

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला में लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित अत्याधुनिक 3 टेस्ला एमआरआई मशीन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आईजीएमसी में 20 साल पहले स्थापित पुरानी एमआरआई मशीन को अत्याधुनिक एमआरआई मशीन से बदला है। इसी तरह की हाई-एंड एमआरआई मशीन का उपयोग अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान दिल्ली में भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय से कार्य कर रही है और इसी सोच को साकार करते हुए चिकित्सा संस्थानों में हाई-एंड टेक्नोलॉजी युक्त उपकरण उपलब्ध करवाये जा रहे हैं।
उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय टांडा, शिमला, हमीरपुर, नेरचौक और चमियाणा अस्पताल में एम्स, नई दिल्ली की तर्ज पर हाई एंड टैक्नोलॉजी से सुसज्जित चिकित्सा तकनीक उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 3 टेस्ला एमआरआई मशीन के स्थापित होने से लोगों को अब उन्नत जांच के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनके धन और समय की बचत होगी। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने वित्तीय प्रबन्धन पर ध्यान नहीं दिया। स्वास्थ्य क्षेत्र को नजरअंदाज किया गया, जिसके फलस्वरूप राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में उन्नत तकनीक का अभाव रहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए 3 हजार करोड़ से अधिक की राशि खर्च कर रही है।
मुख्यमंत्री ने चिकित्सा विशेषज्ञों से संवाद करते हुए कहा कि आईजीएमसी में ऑर्थोपैडिक विभाग को विश्व स्तरीय मानकों पर अपग्रेड किया जाएगा।



# अत्याधुनिक दुग्ध प्लांट का औचक निरीक्षण, गुणवत्ता और स्वच्छता देख संतुष्ट हुए निदेशक

**निर्देश**

कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए



**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
लालकुआं नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, लालकुआं में निमार्णाधीन 85 करोड़ रुपये की लागत वाले अत्याधुनिक दुग्ध प्लांट का निदेशक डेरी विकास विभाग अशोक कुमार जोशी ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान निदेशक ने प्लांट में उपयोग की जा रही निर्माण सामग्री की बारीकी से जांच-परख की। साथ ही डेरी विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं, मशीनरी स्थापना और तकनीकी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।
संचालन से दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस दौरान निदेशक अशोक कुमार जोशी ने दुग्ध शाला में तैयार किए जा रहे दूध, पनीर, घी एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता और स्वच्छता व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उत्पादन इकाई में साफ-सफाई, गुणवत्ता नियंत्रण और पैकेजिंग व्यवस्था को देखकर संतोष व्यक्त करते हुए गदगद नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्ता और स्वच्छता के मानकों से किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं तक शुद्ध एवं सुरक्षित उत्पाद पहुंच सकें।
इस अवसर पर दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि डेरी की उपयोगिता और उत्पादन क्षमता को ध्यान में रखते हुए आधुनिक मशीनरी की स्थापना शीघ्र कराई जानी चाहिए, ताकि प्लांट का संचालन समय पर शुरू हो सके और दुग्ध उत्पादकों को अधिकतम लाभ मिल सके।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी में ग्रैंडपैरेंट्स डे का भावपूर्ण आयोजन

**ग्रैंडपैरेंट्स डे**

उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को बधाई दी



**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी में ग्रैंडपैरेंट्स डे का आयोजन अत्यंत उल्लास, स्नेह और भावनात्मक वातावरण के बीच किया गया। इस विशेष अवसर पर कक्षा प्ले ग्रुप से नर्सरी तक के नन्हे विद्यार्थियों ने मंच पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने नैतिक कहानियों पर आधारित नृत्य-नाटिकाएं प्रस्तुत की व दादा-दादी और नाना-नानी के साथ प्रेम, स्नेह और अटूट संबंध को दशार्ती लघु अभिनय प्रस्तुत कर सभी का मन जीत लिया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रीटा अग्रवाल रहीं। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में संस्कार, पारिवारिक मूल्यों और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री रंजना शाही ने अपने संबोधन में दादा-दादी व नाना-नानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे बच्चों के जीवन में अनुभव, प्रेम और मार्गदर्शन का अमूल्य स्रोत होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को बधाई दी।

## मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाएं बेचने वाला गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में चाउमंडी स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर भारी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप, ट्रामाडोल व अल्प्राजोलाम बरामद की हैं। पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। ड्रग निरीक्षक हरीश सिंह व वरिष्ठ औषधि निरीक्षक अनिता भारती को सूचना मिली थी कि पल्स मेडिकल स्टोर पर चाउमंडी में मेडिकल लाइसेंस की आड़ में नशीली दवाओं का अवैध भंडारण और बिक्री की जा रही है।

# मायादेवी मंदिर में संतों ने रंगभरी एकादशी पर पंचगव्य से खेली होली

**एकादशी**

श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि हरिद्वार धर्म भूमि उत्तराखंड का द्वार है



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार की अधिष्ठात्री मायादेवी मंदिर में शुक्रवार को रंगभरी एकादशी जिसे आमलकी एकादशी भी कहा जाता है, धूमधाम से मनाई गई। स्वामी राजेश्वरानंद गिरि महाराज की अध्यक्षता तथा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व श्री निरंजनी अखाड़ा के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के मार्गदर्शन में देश भर से आए साधु-संतों ने पंचगव्य से होली खेलकर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, भगवान शिव व माता पार्वती से विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। स्वामी चक्रपाणि नंद गिरि महाराज का चादर विधि से अभिषेक किया गया।
श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि हरिद्वार धर्म भूमि उत्तराखंड का द्वार है। हरिद्वार का अर्थ हरि व हर यानि भगवान विष्णु व भगवान शिव के द्वार से है। यहां पूजा-अर्चना करने से भगवान विष्णु व भगवान शिव तक पहुंचने का द्वार खुल जाता है। भगवान बद्रीनाथ, भगवान केदारनाथ गंगोत्री व यमुनोत्री ये चार धाम आंनद, मुक्ति व मोक्ष के द्वार हैं। ऐसी पवित्र नगरी में भगवान की कृपा से ही रंगभरी एकादशी जिसे आमलकी एकादशी भी कहा जाता है, मनाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि स्वामी चक्रपाणि नंद गिरि महाराज की सनातन धर्म को मजबूत करने व सनातन धर्म की पताका पूरे विश्व में फहराने की यात्रा रंगभरी एकादशी से हरिद्वार की अधिष्ठात्री मायादेवी मंदिर से शुरू होना भगवान का आशीर्वाद ही है।
सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि रगभरी एकादशी का बहुत अधिक महत्व है, क्योंकि यह पर्व भगवान विष्णु के साथ भगवान शिव को भी समर्पित है। भगवान शिव विवाह के बाद माता पार्वती के साथ इस दिन ही काशी पहुंचे थे, जहां उनके स्वागत में समस्त शिवगणों, देवताओं और काशीवासियों ने अबीर और गुलाल उड़ाकर उत्सव मनाया था। तभी से काशी में रंगभरी एकादशी की बहुत अधिक धूम रहती है।

## न्यूज फ्लैश

### नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव के चलते 2 से 5 मार्च तक भारत-नेपाल सीमा रहेगी बंद

**पिथौरागढ़**
नेपाल में प्रतिनिधि सभा सदस्य निर्वाचन को देखते हुए 2 मार्च से 5 मार्च तक भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमाएं एवं पुल अस्थायी रूप से बंद रहेंगे। इस संबंध में जिला प्रशासन ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रमुख जिला अधिकारी, खलंगा (दाचुर्ला), नेपाल की ओर से प्रेषित पत्र के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए उक्त अवधि में सीमा पार आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग, उपजिलाधिकारी पिथौरागढ़, डीडीहाट एवं धारचूला और सशस्त्र सीमा बल की संबंधित वाहिनियों को सीमाओं एवं पुलों पर प्रभावी निगरानी, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं आपसी समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि 2 से 5 मार्च के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र की ओर यात्रा की योजना न बनाएं और शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### बोर्ड परीक्षा में फजीर्वाड़ा, प्रिसीपल ही निकला मास्टरमाइंड

**हरिद्वार**
हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में फर्जी तरीके से परीक्षा दिलाने के मामले में रानीपुर कोतवाली पुलिस ने एक स्कूल के प्रिंसिपल को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर फर्जी प्रवेश पत्र तैयार कर वास्तविक परीक्षार्थी की जगह दूसरी छात्रा से परीक्षा दिलाने का आरोप है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 फरवरी को राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर में हाईस्कूल परीक्षा के दौरान फर्जी परीक्षार्थी पकड़े जाने का मामला सामने आया था। इस संबंध में प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र द्विवेदी की तहरीर पर पुलिस ने चार छात्राओं समेत सात परीक्षार्थियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सातों आरोपितों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इनके कब्जे से फर्जी प्रवेश पत्र भी बरामद किए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम जांच में जुटी हुई थी। जांच के दौरान सामने आया कि फजीर्वाड़े के पीछे चंगेज अंसारी उम्र 40 वर्ष, निवासी मेन रोड मोहल्ला चौहनान, ज्वालापुर, मुख्य साजिशकर्ता है। आरोपित स्वयं को अल्मोडिया इस्लामिक हाई स्कूल ज्वालापुर का प्रिंसिपल बताता है और द सक्सेज प्वॉइंट नाम से व्हाट्सएप, सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से ऑनलाइन कोचिंग चलाता है, जिसमें लगभग 40-50 छात्र जुड़े बताए गए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि उसने अपनी ट्यूशन छात्रा और उसकी नाबालिग बहन अभिभावकों से परीक्षा पास कराने के नाम पर धनराशि ली थी। आरोपित ने कथित रूप से सावित्री शिक्षा सदन, रावली महदूद के नाम से फर्जी प्रवेश पत्र तैयार कराया और वास्तविक परीक्षार्थी की जगह दूसरी छात्रा को हिंदी की परीक्षा दिलवाई।

### सरस्वती शिशु मंदिर को भेंट किए डिजिटल उपकरण

**गुप्तकाशी**
रुद्रप्रयाग जिले के विकास खंड ऊखीमठ के फाटा में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यार्थियों को बेहतर एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्लैनेट स्कूल संस्था,हरिद्वार की ओर से डिजिटल उपकरण भेंट किए गए।
केदारघाटी के फाटा स्थित विद्यालय को संस्था की ओर से 5 कंप्यूटर,2 स्मार्ट बोर्ड, प्रिंटर, साउंड सिस्टम सहित अन्य आवश्यक डिजिटल उपकरण तथा थीम बेस्ड कक्षा कक्ष निर्माण सामग्री प्रदान की गई। इन संसाधनों के उपलब्ध होने से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में गुणात्मक सुधार के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। संस्था के प्रतिनिधि शैलेश सती ने बताया कि प्लैनेट स्कूल संस्था का मुख्य उद्देश्य पहाड़ के सीमांत क्षेत्रों में स्थित कमजोर विद्यालयों को आवश्यक शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराकर शिक्षा का स्तर बेहतर बनाना है, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक और उन्नत शिक्षा मिल सके। उन्होंने भविष्य में भी विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## संवाद, संस्कृति और समरसता का उत्सव बना पत्रकार होली मिलन समारोह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय संस्कृति के मूल भाव संवाद, सहअस्तित्व और सामाजिक समरसता को केंद्र कर विश्व संवाद केंद्र ने पत्रकार होली मिलन समारोह आयोजित किया। शुक्रवार को नगर के राजपुर रोड पर स्थित नारायण मुनि भवन में विश्व संवाद केंद्र की ओर से आयोजित पत्रकार होली मिलन समारोह एक पारंपरिक उत्सव ही नहीं, बल्कि मीडिया, समाज और सांस्कृतिक चेतना के मध्य सार्थक संवाद का मंच भी सिद्ध हुआ। समारोह में मुद्रित माध्यम, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया तथा विभिन्न राष्ट्रीय एवं स्थानीय समाचार एजेंसियों से जुड़े पत्रकार उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन विभाग के प्रचार प्रमुख गजेंद्र खंडूरी ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन रवि व्यास एवं अजय जोशी ने किया, जिन्होंने अपने मधुर एवं भावपूर्ण गीतों के माध्यम से भारतीय लोकजीवन में रचे-बसे होली के उत्सवधर्मी स्वरूप को जीवंत कर दिया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिद्वार भीमगोड़ा से पधारे श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी राम मुनि महाराज ने अपने उद्बोधन में होली के पौराणिक, दार्शनिक एवं सांस्कृतिक आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि अहंकार के दहन, सामाजिक भेदभाव के क्षय और नवसृजन की चेतना का प्रतीक है। उन्होंने भारतीय परंपरा में उत्सवों को सामाजिक संवाद और मानवीय संबंधों के पुनर्संस्कार का माध्यम बताया।
समारोह में साहित्यिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कवि श्रीकांत ने अपनी काव्य एवं होली गीतों की प्रस्तुति से भावनात्मक ऊष्मा का संचार किया। वीर रस के युवा कवि दुष्यंत ने भगवान शिव पर आधारित सृजन और संहार के दार्शनिक संतुलन को व्यक्त करती ओजस्वी कविता का पाठ कर श्रोताओं में ऊर्जा और चिंतन का भाव जागृत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि एवं पत्रकार वीरेंद्र डंगवाल, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. विनोद पोखरियाल, वीरेंद्र भारद्वाज, अश्विनी त्रिपाठी एवं राजेश बर्तवाल, पंजाब केसरी के संपादक श्री शेष मणि शुक्ल एवं ठाकुर अरविंद सिंह, पृथ्वी राज सिंह, धीरेंद्र सिंह एवं संचीत शर्मा, धनराय गर्ग, वीरेंद्र थपलियाल, राजेश पांडेय, हितेश त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी बिष्ट, सुमित रावत एवं शुभम कोटनाला सहित अनेक वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सचिन शर्मा, विवेक वर्मा, कृष्ण कुमार, मोनू राजपूत, माधुरी भट्ट, अनिल जोशी, हरिशंकर सैनी, रश्मि खत्री, सोनू सिंह, मदन सिंह, रविंद्र पलवाल, डॉ. वी. बी. शर्मा, ज्योत्सना सहित अनेक पत्रकार बंधु एवं पत्रकार बहनों ने सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। सभी ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ पारंपरिक स्वादिष्ट गुजिया एवं सामूहिक सहभोज का आनंद लिया, जो भारतीय उत्सव परंपरा की आत्मीयता का प्रतीक रहा।

## करंट लगने से दिव्यांग महिला की मौत

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
जिले के तहसील बड़कोट के अंतर्गत ग्राम सुनाल्डी में शुक्रवार को एक दिव्यांग महिला की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। मृतका के पति भी पैरों से दिव्यांग हैं। राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड के सदस्य और ग्राम प्रधान ने प्रशासन से आर्थिक मदद करने की अपील की है।
सुनाल्डी बड़कोट निवासी ऐन सिंह की पत्नी 48 वर्षीय मीना देवी दिव्यांग थी। मीना आज अचानक विद्युत करंट की चपेट में आई। परिजन और स्थानीय लोग अचेतावस्था में तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कोट लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गोदाम में आग से लाखों का नुकसान



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कनखल थाने के समीप स्थित गीता टेंट हाउस के गोदाम में गुरुवार देर रात भीषण आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। गोदाम से उठती ऊंची लपटों और घने धुएं को देखकर आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का संभावित कारण बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात अचानक गोदाम से धुआं निकलता दिखाई दिया और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद फायर स्टेशन मायापुर को सूचना दी गई।
सूचना मिलते ही मायापुर फायर स्टेशन से दमकल की एक यूनिट तत्काल मौके पर रवाना हुई। आग की गंभीरता को देखते हुए दो अतिरिक्त फायर यूनिट और बुलानी पड़ीं। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल कर्मियों ने आग को फैलने से रोककर आसपास की दुकानों और मकानों को सुरक्षित बचा लिया।
इस अग्निकांड में टेंट, कपड़े, सजावटी सामग्री और अन्य उपकरण पूरी तरह जलकर राख हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

# गुलदार के आतंक से निजात दिलाने के लिए दिया धरना

**सांकेतिक धरना**

गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी नागदेव रेंज में गुलदार के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे है।

**पौड़ी गढ़वाल/टीम एक्शन इंडिया**
गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी नागदेव रेंज में गुलदार के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे है। गुलदार की दहशत से निजात दिलाने की मांग को लेकर शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों व शहरवासियों ने डीएम कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरना दिया। धरना शनिवार को भी जारी रहेगा। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने लापरवाह अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने व गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों व स्थानीय लोगों ने वन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।शुक्रवार को डीएम कार्यालय के बाहर धरना देते हुए ग्राम प्रधान चवथ शंकर नौटियाल और सामाजिक कार्यकर्ता विनोद दनोसी ने कहा कि गजल्ड, बाड़ा और अब डोभा गांव के लोग गुलदार की दहशत में जी रहे हैं। यहां लगातार गुलदार की सक्रियता बनी हुई है लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कहा कि बीते चार दिसंबर को गजल्ड निवासी और 15 जनवरी को नेपाली मूल के एक व्यक्ति को गुलदार ने अपना शिकार बनाया था। वहीं बीते गुरुवार की शाम डोभा गांव में नेपाली मूल की एक महिला पर भी गुलदार ने हमला कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार घटनाओं के बावजूद वन विभाग प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रहा है। क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है और लोग शाम ढलते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं।
आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग से वन्यजीवों से ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, वनाग्नि की घटनाओं पर रोक लगाने, सूखते जल स्त्रोतों और बढ़ती पेयजल किल्लत की समस्या का समाधान करने व लापरवाह और संवेदनहीन अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की । ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना देने वालों में ग्राम प्रधान धनाऊं कमल रावत, अरुणा कुमार, अनूप सिंह, मोहित सिंह, भरत सिंह आदि शामिल रहे।

# नयार घाटी फेस्टिवल के दूसरे दिन आसमान से लेकर नदी तक दिखा उत्साह



**पौड़ी/टीम एक्शन इंडिया**
नयार घाटी फेस्टिवल के दूसरे दिन शुक्रवार को रोमांच और उत्साह अपने चरम पर पहुंच गया। सुबह से ही साहसिक गतिविधियों की धमाकेदार शुरूआत के साथ पूरी घाटी ऊर्जा और उमंग से सराबोर नजर आई।
आसमान में हॉट एयर बैलून, पैरामोटरिंग और टेंडम पैराग्लाइडिंग ने रंगीन छटा बिखेरी। ऊंचाइयों से नयार घाटी के मनोरम दृश्य प्रतिभागियों और पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करते रहे। रोमांच के इन पलों को कैमरों में कैद करने की होड़ भी देखने को मिली।
वहीं दूसरी ओर एंगलिंग,कयाकिंग और एडवेंचर जोन में युवाओं और पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ी। नदी की लहरों पर कयाकिंग का रोमांच और शांत जल में एंगलिंग का अनुभव प्रतिभागियों के लिए यादगार साबित हो रहा है। एडवेंचर जोन में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों और युवाओं ने साहस और उत्साह का परिचय दिया। फेस्टिवल के दूसरे दिन उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि नयार घाटी साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से अपनी पहचान बना रही है। एडवेंचर स्पोर्ट्स की इन गतिविधियों ने आयोजन को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए इसे और अधिक आकर्षक एवं जीवंत बना दिया है।

## नयार वैली फेस्टिवल में छाए संकल्प खेतवाल

नयार वैली फेस्टिवल की गुरुवार को पहली सांस्कृतिक संध्या सुप्रसिद्ध गायक संकल्प खेतवाल के मधुर सुरों से सराबोर रही। लोकधुनों और पारंपरिक पहाड़ी गीतों की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। जैसे ही संकल्प खेतवाल ने मंच संभाला,दर्शकों की तालियों और उत्साह ने माहौल को और जीवंत बना दिया। एक के बाद एक प्रस्तुत किए गए लोकप्रिय गीतों पर दर्शक झूमते नजर आए। संगीत की स्वर लहरियों ने न केवल स्थानीय संस्कृति की छटा बिखेरी, बल्कि युवाओं और बुजुर्गों सभी को एक साथ थिरकने पर मजबूर कर दिया।
सांस्कृतिक संध्या के दौरान लोक संस्कृति,परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम देखने को मिला। रंग-बिरंगी रोशनी और सजीव संगीत ने फेस्टिवल को यादगार शुरूआत दी। आयोजकों ने कहा कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दर्शकों को देखने को मिलेंगी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसा धनौरी स्थित तिरछे पुल के पास हुआ। जानकारी के अनुसार नागल पलूनी निवासी सावन पुत्र राजेश शुक्रवार सुबह अपनी बाइक से हरिद्वार की ओर जा रहा था। जैसे ही वह धनौरी के तिरछे पुल के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी बाइक सड़क पर गिरकर गई और वह घायल हो गया।


**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 309-DRM-MB-25-26 DATE 27.02.2026 | 310-DRM-MB-25-26 DATE 27.02.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | White Washing, Color Washing, Distempering, Painting & Writing of Staff Quarters and Service Buildings & other Misc. Works under ADEN/BE | Upgradation/ Modernisation of Infrastructure at Rampur Goods Shed. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 23.03.2026 at 16:00 Hrs | 23.03.2026 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 69,99,118.31 | 5,77,90,139.93 |
| धरोहर राशि | 1,40,000.00 | 4,39,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 09.03.2026 | 09.03.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 Months | 10 Months |

नं.75-W/2/3/WA/Publication दिनांक 27.02.2026 677/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ACTION INDIA
देहरादून, 28 फरवरी 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# मप्र विधानसभा बजट सत्रः कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने किया शीर्षासन

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन शुक्रवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब शिवपुरी जिले से कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल पर दर्ज एफआईआर के मुद्दे पर विपक्ष ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे के बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।
सदन की कार्यवाही के दौरान शून्यकाल में कांग्रेस विधायक पंकज उपाध्याय और सचेतक सोहन वाल्मीकि ने शिवरात्रि के दौरान शिव बारात में हुई हर्ष फायरिंग के मामले में दर्ज एफआईआर का मुद्दा उठाया। स्पीकर द्वारा विषय को संबंधित विभाग को भेजने की बात कहे जाने पर विपक्ष असंतुष्ट नजर आया और नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर निकल गया।

**गांधी प्रतिमा के सामने शीर्षासन**
वॉकआउट के बाद विधायक बाबू जंडेल ने विधानसभा भवन परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने शीर्षासन कर विरोध दर्ज कराया। उनका यह अनोखा प्रदर्शन पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। बाबू जंडेल ने कहा कि 15



फरवरी को उनके क्षेत्र में यज्ञ और शिव बारात का आयोजन था, जिसमें बड़ी संख्या में साधु-संत और ब्राह्मण शामिल हुए थे। उनके मुताबिक, शोभायात्रा के दौरान लोग पटाखे फोड़ रहे थे और उन्होंने भी हुचढ़ीमारह्व का एक पारंपरिक दावत राउंड चलाया। उन्होंने सफाई देते हुए कहा, मेरे पास कोई एके-47 नहीं थी। मैं कोई उग्रवादी नहीं हूं, बल्कि यज्ञ का यजमान था। बिना जांच मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। जंडेल ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी गायों के मुद्दे पर आंदोलन करने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।
उन्होंने दावा किया कि अब तक करीब 15 प्रकरणों में उनके खिलाफ केस दर्ज हुए, जिनमें से सात मामलों में हाईकोर्ट से उन्हें राहत मिल चुकी है।
उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामला वापस नहीं लिया गया तो वे गांधी आश्रम से लेकर सड़क तक आंदोलन करेंगे।

**विरोध**
- जंडेल ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी गायों के मुद्दे पर आंदोलन करने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी

# आधुनिक अधोसंरचना की दिशा में प्रदेश का सशक्त संकल्प है सिटी गैस परियोजनाः साय

**अवसंरचना**
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिटी गैस अवसंरचना का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज शुक्रवार को राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में सिटी गैस अवसंरचना परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सीएनजी युक्त वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और रायपुर नगर निगम की पहली पाइपलाइन गैस उपभोक्ता पूनम चौबे से संवाद कर घरेलू उपयोग में पाइपलाइन गैस की सुविधा के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि



छत्तीसगढ़ अपने गठन के 25 वर्ष पूरे कर रजत जयंती वर्ष मना रहा है और इन वर्षों में प्रदेश ने विकास के अनेक आयाम स्थापित किए हैं। सिटी गैस अवसंरचना परियोजना इस विकास यात्रा में एक नई उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल नई सुविधा नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक अधोसंरचना की दिशा में प्रदेश का सशक्त संकल्प है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब मेट्रो शहरों की तर्ज पर डीपीएनजी (डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस) के माध्यम से घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पाइपलाइन से गैस उपलब्ध होगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को रिफिलिंग की झंझट से मुक्ति मिलेगी और सुरक्षा भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सस्ती और सुलभ ऊर्जा मिलने से उद्योग क्षेत्र को भी गति मिलेगी तथा प्रदेश में निवेश की संभावनाएं सशक्त होंगी।
मुख्यमंत्री ने एचसीजी समूह को बधाई देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि वे रायपुर सहित बलौदाबाजार और गरियाबंद जिले में शीघ्र ही सीएनजी स्टेशनों का व्यापक नेटवर्क विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि वाहनों में सीएनजी के उपयोग से प्रदूषण में कमी आएगी और आम नागरिकों के ईंधन खर्च में भी राहत मिलेगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रस्तुत राज्य बजट में अधोसंरचना विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हों और प्रदेशवासियों को मेट्रो शहरों जैसी सुविधाओं का अनुभव हो। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चलें, इस दिशा में सरकार ग्रीन एनर्जी को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे स्वच्छ ईंधन अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें और हरित, विकसित एवं आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान दें।
उल्लेखनीय है कि सिटी गैस अवसंरचना परियोजना रायपुर, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिलों में प्रारंभ की गई है। इसके माध्यम से घरेलू उपयोग तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों हेतु पाइपलाइन द्वारा पीएनजी की आपूर्ति की जाएगी तथा वाहनों के लिए सीएनजी भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में एचसीजी समूह के प्रबंध निदेशक राहुल चोपड़ा, निदेशक राजीव माथुर, अध्यक्ष दीपक सावंत, राकेश रंजन, गैल इंडिया के प्रतिनिधि एवं उद्योग जगत के लोग उपस्थित रहे।

# महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर और महाकाल लोक में रंग-गुलाल पूर्णतः प्रतिबंधित

**दिशा-निर्देश**
- मंदिर प्रशासन ने 2 एवं 3 मार्च को लागू रहने वाले इस निर्णय के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**उज्जैन।** होलिका पर्व के अवसर पर महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक क्षेत्र में रंग-गुलाल के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। मंदिर प्रशासन ने 2 एवं 3 मार्च को लागू रहने वाले इस निर्णय के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि होलिका पर्व के दौरान मंदिर की परंपराओं के समुचित निर्वहन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार गर्भगृह, नंदी मंडपम्, गणेश मंडपम्, कार्तिकेय मंडपम् सहित पूरे मंदिर परिसर तथा महाकाल लोक में



रंग-गुलाल ले जाना, रंग उड़ाना, एक-दूसरे को रंग लगाना अथवा किसी उपकरण के माध्यम से रंग का उपयोग करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

**जारी किए गए प्रमुख निर्देश**
मंदिर एवं महाकाल लोक में कार्यरत पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिसकर्मी, सुरक्षाकर्मी, सफाईकर्मी, सेवक, परिसर स्थित अन्य मंदिरों के पुजारी तथा सभी आउटसोर्स कर्मचारी रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं करेंगे और आपस में रंग नहीं लगाएंगे। श्रद्धालु भी मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक में रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। सभी प्रवेश द्वारों पर तैनात निरीक्षक एवं सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के साथ सौजन्यपूर्ण व्यवहार रखते हुए सतत जांच सुनिश्चित करेंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति रंग-गुलाल लेकर अंदर न जा सके। मंदिर परिसर में कार्यरत सभी कर्मचारी एवं सेवक अपने साथ लाए गए सामान की स्वयं जांच कराकर ही प्रवेश करेंगे।

# चयन प्रक्रिया में आरक्षण का दावा न करने पर लाभ नहीं मिलेगाः कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के दौरान आरक्षण का दावा नहीं करता है तो बाद में वह इसके लाभ से वंचित होने की शिकायत नहीं कर सकता। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने सहायक शिक्षक प्राथमिक विज्ञान भर्ती से संबंधित एक याचिका को खारिज करते हुए कहा कि आवेदन के स्तर पर आरक्षण का दावा न किया जाना बाद में अमान्य माना जाएगा।
प्रकरण में याचिकाकर्ता ने चंपावत जनपद में चयनित एक अभ्यर्थी की नियुक्ति को चुनौती देते हुए 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित चयन सूची निरस्त करने तथा स्वयं को राज्य आंदोलनकारी कोटे का लाभ न देने का जिक्र करते हुए कोटे का लाभ देने का अनुरोध करते हुए नियुक्त करने की मांग की थी। उसका तर्क था कि चयनित अभ्यर्थी को उससे कम अंक प्राप्त हुए थे। राज्य सरकार ने न्यायालय को अवगत कराया कि भर्ती विज्ञापन में सरकारी आदेशों के अनुसार क्षैतिज आरक्षण लागू होने का स्पष्ट उल्लेख था, और चयनित अभ्यर्थी को राज्य आंदोलनकारी कोटे के अंतर्गत 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ दिया गया है। न्यायालय ने कहा कि आरक्षित श्रेणी में नियुक्त अभ्यर्थी की तुलना सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी से नहीं की जा सकती।

**चयन प्रक्रिया**
- आरक्षित श्रेणी में नियुक्त अभ्यर्थी की तुलना सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी से नहीं की जा सकती

# मप्र हाईकोर्ट से चाइना चाकू बेचने वाले की अर्जी निरस्त होने के बाद वापस

**टीम एक्शन इंडिया**
**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में जस्टिस संदीप एन. भट्ट की एकलपीठ ने चाइना (बटनदार) चाकुओं की कथित सप्लाई के आरोपी को मामले की गंभीरता और जबलपुर शहर में बढ़ते चाकूबाजी के मामलों को देखते हुए अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। गुरुवार को राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह एवं पैनल अधिवक्ता हिमांशु तिवारी ने जमानत का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जबलपुर में लगातार चाकूबाजी, हत्या के प्रयास और गुंडा टैक्स वसूली की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिनमें बटनदार (चाइना) चाकुओं का इस्तेमाल हो रहा है। रूपराह ने दलील दी कि अ१२ अू३, 1959 की धारा 25 के तहत बटनदार चाकू रखना और बेचना प्रतिबंधित है। साथ ही राज्य शासन द्वारा भी चाइना चाकुओं पर रोक लगाई गई है। दलील सुनने के बाद कोर्ट ने माना कि बढ़ते अपराधों के मद्देनजर आरोपी को अग्रिम जमानत देना उचित नहीं होगा। अदालत के रुख के बाद आरोपी की ओर से अग्रिम जमानत अर्जी वापस ले ली गई।
उल्लेखनीय है कि मुकादमगंज स्थित विजय जनरल स्टोर के संचालक बेबू उर्फ भगवानदास



कटारिया की ओर से अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। उसके खिलाफ गढ़ा थाने में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज है। उसकी दुकान से कोई बटनदार चाकू जब्त नहीं हुआ।

**खंडवाः "मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना" के तहत जिले के वृद्धजन आज अयोध्या के लिए होंगे रवाना**
मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत खंडवा जिले के वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या की तीर्थ यात्रा कराई जा रही है। इसके लिए विशेष ट्रेन आज शुक्रवार को खंडवा स्टेशन से रवाना होगी और दो मार्च को वापस आएगी। डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले ने बताया कि आई.आर.सी.टी.सी. भोपाल से प्राप्त सूचना के अनुसार इस तीर्थ यात्रा के लिए दोपहर 3:50 बजे रेल्वे स्टेशन खंडवा से मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या तीर्थ यात्रा हेतु स्पेशल रेल रवाना होगी। चयनित यात्रियों को रेल्वे स्टेशन के सामने स्थित पार्वतीबाई धर्मशाला में प्रातः 10 बजे से दोपहर दो बजे तक टिकिट वितरण किये जाएंगे। डिप्टी कलेक्टर सांवले ने सभी चयनित यात्री एवं प्रतिक्षा सूची में शामिल वृद्धजनों से अपील की है कि वे अपना आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र के साथ धर्मशाला में प्रातः 10 बजे उपस्थित हो जाएं।

**सुनवाई**
- पार्वतीबाई धर्मशाला में प्रातः 10 बजे से दोपहर दो बजे तक टिकट वितरण किये जाएंगे

# बिहार विधानसभा में उठा कटिहार सदर अस्पताल का मुद्दा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कटिहार।** बिहार विधानसभा के चालू बजट सत्र में पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कटिहार सदर अस्पताल में आईसीयू वार्ड की बदहाली पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण आईसीयू वार्ड क्रियाशील नहीं हो पा रहा है, जिससे मरीजों को महंगे निजी अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। मंत्री स्वास्थ्य विभाग, मंगल पांडेय ने अपने जवाब में बताया कि सात निश्चय-3 के तहत सभी जिला अस्पतालों को अति विशिष्ट चिकित्सा अस्पताल के रूप



में विकसित करने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कटिहार जिला अस्पताल में जल्द ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी, जिससे आईसीयू वार्ड का परिचालन व्यवस्थित होगा।

# धामी ने लोहाघाट में मनाई पारंपरिक कुमाऊँनी होली

**होली का आनंद**
- मुख्यमंत्री धामी ने पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ पारंपरिक होली का आनंद लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंपावत।** लोहाघाट के रामलीला मैदान में आयोजित काली कुमाऊँ होली रंग महोत्सव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ पारंपरिक होली का आनंद लिया और प्रदेशवासियों को होली की



शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पारंपरिक कुमाऊँनी होली और शास्त्रीय होली गायन में सहभागिता की। इस दौरान पूरा मैदान होली के पारंपरिक गीतों और रंगों से सराबोर नजर आया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की लोकसंस्कृति, परंपराएं और पर्व राज्य की पहचान हैं और काली कुमाऊँ की होली अपने पारंपरिक गायन और सांस्कृतिक स्वरूप के लिए विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। आधुनिक दौर में भी चंपावत में पारंपरिक होली की परंपरा को जीवित रखना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा, विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, जिला पंचायत जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# 9 मजदूरों की मौत के बाद बंद पड़ी सासामुसा चीनी मिल फिर होगी चालू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोपालगंज।** बिहार सरकार द्वारा राज्य की 25 बंद पड़ी चीनी मिलों को दोबारा चालू करने की कवायद अब जमीन पर उतरती दिख रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल और कर्नाटक आधारित निरानी ग्रुप के चेयरमैन दुर्गेश निरानी हेलीकॉप्टर से गोपालगंज पहुंचे और वर्षों से बंद पड़ी सासामुसा चीनी मिल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान गन्ना उद्योग विभाग के आयुक्त जेपीएन सिंह समेत कई स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे।
निरीक्षण के बाद दुर्गेश निरानी ने कहा कि उनकी कंपनी कर्नाटक की प्रमुख औद्योगिक समूहों में शामिल है और बिहार में उनकी करीब नौ



इकाइयां संचालित हैं। उन्होंने बताया कि रीगा चीनी मिल (सीतामढ़ी) को पुनः चालू करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अब सासामुसा मिल की तकनीकी व व्यावसायिक संभावनाओं का आकलन किया जा रहा है।
निरानी ने दैनिक भास्कर को बताया कि सासामुसा मिल के पास लगभग 40-45 एकड़ भूमि उपलब्ध है, जबकि कुछ जमीन लीज पर है। प्रस्ताव है कि यहां केवल गन्ने से चीनी उत्पादन ही नहीं, बल्कि चावल और मकई किसानों से बायो-प्रोडक्ट खरीदकर उसका भी उत्पादन किया जाए। इस बहु-उत्पाद मॉडल से गन्ना, धान और मकई–तीनों फसलों के किसानों को सीधा बाजार और बेहतर मूल्य मिल सकेगा। हालांकि विस्तारित परियोजना के लिए अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होगी, जिस पर राज्य सरकार से चर्चा की जाएगी।
अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल ने कहा कि निरीक्षण के दौरान किसानों और पूर्व कर्मचारियों के बकाया भुगतान के मुद्दे पर भी विस्तार से बातचीत हुई। सरकार इस दिशा में गंभीर है और जल्द ही ठोस निर्णय लिया जा सकता है। उन्होंने संकेत दिया कि पुनरुद्धार की प्रक्रिया में पुराने देनदारियों के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी।गौरतलब है कि दिसंबर 2017-18 में मिल परिसर में बॉयलर के पास हुए भीषण विस्फोट में 9 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस हादसे के बाद मिल पूरी तरह बंद हो गई और सैकड़ों परिवारों की आजीविका पर ताला लग गया। किसानों का गन्ना औने-पौने दाम पर बाहर भेजना पड़ा और इलाके की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ गई, जिसको लेकर स्थानीय नेताओं ने मिल चालू करने को लेकर अनशन चालू किया था।

**निरीक्षण**
- किसानों का गन्ना औने–पौने दाम पर बाहर भेजना पड़ा और इलाके की अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ गई थी

# मायादेवी मंदिर में संतों ने रंगभरी एकादशी पर पंचगव्य से खेली होली

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** हरिद्वार की अधिष्ठात्री मायादेवी मंदिर में शुकवार को रंगभरी एकादशी जिसे आमलकी एकादशी भी कहा जाता है, धूमधाम से मनाई गई। स्वामी राजेश्वरानंद गिरि महाराज की अध्यक्षता तथा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व श्री निरंजनी अखाड़ा के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के मार्गदर्शन में देश भर से आए साधु-संतों ने पंचगव्य से होली खेलकर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी,



भगवान शिव व माता पार्वती से विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की। स्वामी चक्रपाणि नंद गिरि महाराज का चादर विधि से अभिषेक किया गया। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि हरिद्वार धर्म भूमि उत्तराखंड का द्वार है। हरिद्वार का अर्थ हरि व हर यानि भगवान विष्णु व भगवान शिव के द्वार से है। यहां पूजा-अर्चना करने से भगवान विष्णु व भगवान शिव तक पहुंचने का द्वार खुल जाता है।

## संपादकीय

# अब आतंकवाद पर होगा निर्णायक 'प्रहार'

**मृत्युंजय दीक्षित**

**विभाजन** की विभीषिका के साथ स्वतंत्र हुआ भारत, स्वतंत्रता के बाद से ही आतंकवाद से पीड़ित रहा किन्तु अभी तक उसके पास आतंकवाद से लड़ने की कोई स्पष्ट नीति या रणनीति ही नहीं थी। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) की नीति स्पष्ट हुयी। पहली बार माओवाद जैसे आतंकवाद को समाप्त करने के लिए एक तारीख तय की गई और उस दिशा में काम हुआ जिसका प्रभाव दिखाई देने लगा है। आतंकवादी हमले होने पर सीमा पार जाकर आतंकवादियों का दमन किया जाता है। अब भारत शत्रु के घर में घुसकर बदला लेता है, ऑपरेशन सिंदूर में भारत का क्रोध सम्पूर्ण विश्व ने देखा है। आतंकवाद के बढ़ते खतरों व देश विरोधी षड्यंत्रों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने देश में पहली आतंकवाद रोधी नीति प्रहार जारी की है। प्रहार आतंकवाद के खिलाफ एक बहुस्तरीय रणनीति है जो खुफिया जानकारी के आधार पर चरमपंथी हिंसा की रोकथाम और उसे निष्क्रिय करने पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य आतंकवादियों, उनके वित्तपोषकों और समर्थको को धन, हथियार और सुरक्षित ठिकानों तक पहुंच से वंचित करना है। इसमें साइबर क्राइम, ड्रोन हमलों. सीमा पार आतंकवाद और जटिल सुरक्षा खतरों से निपटने के सुगठित राष्ट्रीय ढांचे का भी उल्लेख किया गया है। आजकल बहुत से आतंकवादी संगठन युवाओं की भर्ती के लिए इंटरनेट मीडिया का सहारा ले रहे हैं, इंटरनेट के माध्यम से ही साइबर ठगी आदि करके लिए धन संग्रह कर रहे हैं व लोगों की मानसिकता को अपने पक्ष में करने के लिए छद्म तरीके से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर काम कर रहे हैं, प्रहार रणनीति आतंकवाद के इन नए तरीकों से निपटने का मार्ग दिखाती है। केंद्रीय गृहमंत्रालय द्वारा जारी की गई प्रहार रणनीति, भारत के अन्दर या विदेश से उत्पन्न होने वाले आतंकी खतरों का सामना करने के लिए सात प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। इसमें पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा गया है कि, भारत के पड़ोस में अस्थिरता का इतिहास रहा है जिसके कारण अराजक क्षेत्र उत्पन्न हुए हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र के कुछ देशों ने कभी -कभी आतंकवाद को राज्यनीति के एक साधन के रूप मे इस्तेमाल किया है। इसके बावजूद भारत आतंकवाद को किसी विशेष धर्म, जातीयता, राष्टीयता या सभ्यता से नहीं जोड़ता। भारत ने हमेशा आतंकवाद और किसी भी तत्व द्वारा, किसी भी घोषित या अघोषित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए इसके उपयोग की स्पष्ट व निर्विवाद रूप से निंदा की है। नीति दस्तावेज में कहा गया है कि भारत लगातार आतंकवाद के पीड़ितों के साथ खड़ा रहा है और इस पर अडिग है कि दुनिया में हिंसा का कोई औचित्य नहीं हो सकता।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# सार्वजनिक जल प्रशासन की गहरी विफलता



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

> "ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अलग होते हुए भी उतनी ही चिंताजनक है। वहां बोतलबंद पानी का उपयोग अपेक्षाकृत कम है, लेकिन जैसे-जैसे ग्रामीण बाजारों तक निजी कंपनियों की पहुंच बढ़ रही है, यह निर्भरता वहां भी बढ़ने लगी है। कई इलाकों में भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक या आयरन की अधिकता के कारण लोग स्थानीय जल स्रोतों से डरने लगे हैं। राज्य द्वारा उपलब्ध कराए गए सामुदायिक नल या हैंडपंप अक्सर या तो खराब रहते हैं या फिर उनका पानी पीने योग्य नहीं होता। ऐसे में जिनके पास आर्थिक क्षमता है, वे बोतलबंद पानी खरीद लेते हैं"

**भारत** में बोतलबंद पानी पर बढ़ती निर्भरता केवल उपभोक्ता व्यवहार में आए बदलाव की कहानी नहीं है, बल्कि यह सार्वजनिक जल प्रशासन में व्याप्त गहरी और बहुस्तरीय प्रणालीगत समस्याओं की ओर भी स्पष्ट संकेत करती है। कभी जो नल का पानी नागरिकों के लिए बुनियादी अधिकार और राज्य की जिम्मेदारी माना जाता था, वही आज अविश्वास, असुरक्षा और असमानता का प्रतीक बनता जा रहा है। शहरों से लेकर कस्बों और यहां तक कि ग्रामीण इलाकों में भी लोग पीने के लिए प्लास्टिक की बोतलों पर निर्भर होते जा रहे हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक बोझ बढ़ाती है, बल्कि पर्यावरण, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक शासन की अवधारणा पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। आधुनिक भारत में जल संकट को अक्सर वर्षा की कमी, जलवायु परिवर्तन या बढ़ती जनसंख्या से जोड़कर देखा जाता है। हालांकि ये सभी कारक महत्वपूर्ण हैं, लेकिन बोतलबंद पानी की लोकप्रियता का मूल कारण इनसे कहीं अधिक गहरा है। असल समस्या यह है कि नागरिकों का भरोसा सार्वजनिक जल आपूर्ति प्रणालियों से लगातार टूटता जा रहा है। नलों से आने वाले पानी की गुणवत्ता पर संदेह, नियमित आपूर्ति का अभाव, और पारदर्शिता की कमी ने लोगों को वैकल्पिक स्रोतों की ओर धकेल दिया है। जब राज्य अपनी बुनियादी जिम्मेदारी निभाने में असफल होता है, तब बाजार उस खाली स्थान को भर देता है—अक्सर मुनाफे की शर्तों पर। शहरी भारत में बोतलबंद पानी का उपयोग तेजी से बढ़ा है। महानगरों में तो यह लगभग जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों और यहां तक कि सरकारी दफ्तरों में भी बड़े जार और बोतलें आम दृश्य हैं। यह स्थिति विडंबनापूर्ण है, क्योंकि इन्हीं शहरों में सबसे विकसित जल अवसंरचना होने का दावा किया जाता है। यदि इतनी सुविधाओं के बावजूद नागरिक सुरक्षित नल का पानी नहीं पी सकते, तो यह प्रशासनिक विफलता का सीधा प्रमाण है। पाइपलाइन की जर्जर हालत, सीवेज और पेयजल लाइनों का आपस में मिलना, तथा नियमित परीक्षण की कमी—ये सभी



समस्याएँ वर्षों से ज्ञात हैं, लेकिन समाधान आधे-अधूरे ही रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अलग होते हुए भी उतनी ही चिंताजनक है। वहां बोतलबंद पानी का उपयोग अपेक्षाकृत कम है, लेकिन जैसे-जैसे ग्रामीण बाजारों तक निजी कंपनियों की पहुंच बढ़ रही है, यह निर्भरता वहां भी बढ़ने लगी है। कई इलाकों में भूजल में फ्लोराइड, आर्सेनिक या आयरन की अधिकता के कारण लोग स्थानीय जल स्रोतों से डरने लगे हैं। राज्य द्वारा उपलब्ध कराए गए सामुदायिक नल या हैंडपंप अक्सर या तो खराब रहते हैं या फिर उनका पानी पीने योग्य नहीं होता। ऐसे में जिनके पास आर्थिक क्षमता है, वे बोतलबंद पानी खरीद लेते हैं, जबकि गरीब तबके दूषित पानी पीने को मजबूर रहते हैं। यह स्थिति जल के क्षेत्र में गहरी असमानता को जन्म देती है। बोतलबंद पानी उद्योग का विस्तार अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। एक ओर यह उद्योग शुद्धता और सुरक्षा का वादा करता है, वहीं दूसरी ओर इसके नियमन में गंभीर खामियां हैं। कई बार यह पाया गया है कि बाजार में उपलब्ध बोतलबंद पानी भी गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरता। इसके बावजूद उपभोक्ता इसे नल के पानी से अधिक सुरक्षित मानते हैं। यह धारणा स्वयं में सार्वजनिक जल संस्थानों की साख पर सवाल है। यदि राज्य द्वारा प्रमाणित और नियंत्रित जल आपूर्ति प्रणाली पर नागरिक भरोसा नहीं करते, तो यह लोकतांत्रिक शासन की विश्वसनीयता के लिए भी खतरे की घंटी है।

पर्यावरणीय दृष्टि से बोतलबंद पानी पर निर्भरता अत्यंत विनाशकारी है। प्लास्टिक की बोतलें कचरे के पहाड़ में बदल रही हैं। पुनर्चक्रण की दर बेहद कम है और अधिकांश प्लास्टिक अंततः नदियों, झीलों और समुद्रों में पहुंच जाता है। इसके अलावा, बोतलबंद पानी के उत्पादन में भी भारी मात्रा में जल और ऊर्जा की खपत होती है। यानी जिस संसाधन की कमी की बात की जा रही है, उसी का अत्यधिक दोहन करके एक कृत्रिम समाधान प्रस्तुत किया जा रहा है। यह विरोधाभास नीति निमार्ताओं की अल्पकालिक सोच को उजागर करता है। सार्वजनिक जल प्रशासन की समस्याएँ केवल तकनीकी नहीं हैं; वे संस्थागत और राजनीतिक भी हैं। जल प्रबंधन से जुड़े विभाग अक्सर संसाधनों की कमी, कुशल मानवबल के अभाव और आपसी समन्वय की समस्या से जूझते हैं। इसके अलावा, जल आपूर्ति जैसी बुनियादी सेवा को राजनीतिक प्राथमिकता भी अक्सर नहीं मिलती। चुनावी घोषणाओं में बड़े बांध, नदियों को जोड़ने की परियोजनाएं या स्मार्ट शहरों की बातें तो होती हैं, लेकिन रोजमर्रा की जल आपूर्ति को सुधारने पर अपेक्षाकृत कम ध्यान दिया जाता है। परिणामस्वरूप, छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण समस्याएं वर्षों तक अनसुलझी रहती हैं। निजीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति भी इस संकट को गहरा कर रही है। जब सार्वजनिक प्रणालियाँ कमजोर होती हैं, तो समाधान के रूप में निजी कंपनियों को आगे लाया जाता है।

हालांकि कुछ मामलों में इससे दक्षता बढ़ी है, लेकिन अक्सर इसका लाभ केवल उन लोगों को मिलता है जो भुगतान कर सकते हैं। पानी जैसे आवश्यक संसाधन का बाजार आधारित वितरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। बोतलबंद पानी इस निजीकरण का सबसे स्पष्ट उदाहरण है, जहां स्वच्छ पानी एक मौलिक अधिकार नहीं, बल्कि एक उपभोक्ता वस्तु बन जाता है। इस पूरी स्थिति का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बोतलबंद पानी पर निर्भरता धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है। लोग इसे समस्या के लक्षण के बजाय समाधान के रूप में देखने लगे हैं। इससे सार्वजनिक दबाव कम होता है और प्रशासनिक सुधार की मांग कमजोर पड़ जाती है। जब नागरिक स्वयं वैकल्पिक व्यवस्था कर लेते हैं, तो राज्य पर जवाबदेही का दबाव घट जाता है। यह चुपचाप स्वीकार की गई असफलता भविष्य में और बड़े संकटों को जन्म दे सकती है।

आवश्यकता इस बात की है कि जल को फिर से सार्वजनिक भलाई के रूप में स्थापित किया जाए। इसके लिए सबसे पहले नल के पानी की गुणवत्ता और नियमितता सुनिश्चित करनी होगी। पारदर्शी जल परीक्षण, परिणामों की सार्वजनिक उपलब्धता और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था नागरिकों का भरोसा बहाल कर सकती है। साथ ही, जल अवसंरचना में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी—चाहे वह पाइपलाइन की मरम्मत हो, सीवेज प्रबंधन हो या जल शोधन संयंत्रों का आधुनिकीकरण। इसके साथ-साथ जन जागरूकता भी महत्वपूर्ण है। लोगों को यह समझना होगा कि बोतलबंद पानी दीर्घकालिक समाधान नहीं है। पर्यावरणीय और सामाजिक लागतों के बारे में जानकारी बढ़ाकर उपभोक्ता व्यवहार को बदला जा सकता है। स्कूलों, सामुदायिक संगठनों और स्थानीय निकायों की भूमिका इसमें अहम हो सकती है। अंततः, बोतलबंद पानी पर बढ़ती निर्भरता एक चेतावनी है। यह बताती है कि यदि सार्वजनिक जल प्रशासन को मजबूत नहीं किया गया, तो पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता भी गहरी असमानता और संकट का कारण बन सकती है।

# सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है विज्ञान

**योगेश कुमार गोयल**

**मानव** जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान्‌ वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी.वी. रमन की खोज ह्यरमन प्रभावह्न को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से रमन प्रभाव (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था।

उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला नोबेल पुरस्कार दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। रमन प्रभाव खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं।

## विचार

# फल, सब्जियों पर पेस्टिसाइड का अत्याधिक प्रयोग जन जीवन के लिए खतरे की घंटी

**दलबीर मलिक**

खाद्य पदार्थों पर पेस्टिसाइड का अत्याधिक प्रयोग जन जीवन के लिए खतरे की घंटी है।खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों का अंधाधुंध छिड़काव जनजीवन के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे की घंटी है। कृषि उत्पादन बढ़ाने के नाम पर जहरीले रसायनों का उपयोग आम हो गया है, जिनके अवशेष सीधे तौर पर उपभोक्ताओं और किसानों को बीमार बना रहे हैं। पेस्टिसाइड (कीटनाशक) वे रासायनिक या जैविक पदार्थ हैं, जिनका उपयोग फसलों को कीटों, फफूंद और खरपतवार से बचाने के लिए किया जाता है। इन्हें स्प्रेयर (छिड़काव) के माध्यम से या मिट्टी में मिलाकर प्रयोग किया जाता है। ये पैदावार बढ़ाते हैं, लेकिन मानव स्वास्थ्य (कैंसर, तंत्रिका क्षति) और पर्यावरण को गंभीर हानि पहुँचाते हैं। फल-सब्जियों को अच्छी तरह धोकर और छीलकर इनके असर से बचा जा सकता है। पेस्टिसाइड युक्त फल सब्जियों को खाने से मनुष्य के शरीर में अनेका अनेक रोग पैदा हो जाते हैं।

लंबे समय तक कीटनाशक अवशेषों के सेवन से कैंसर (जैसे ल्यूकेमिया, लिम्फोमा) का खतरा बढ़ जाता है। रसायनों के संपर्क से नर्वस सिस्टम को गंभीर नुकसान पहुंचता है, जिससे याददाश्त कमजोर होना, बेचैनी और पार्किंसंस जैसी बीमारियां हो रही हैं। हार्मोनल असंतुलनः कीटनाशक एंडोक्राइन डिस्रप्टर के रूप में कार्य करते हैं, जो शरीर के प्राकृतिक हार्मोन को प्रभावित करते हैं। प्रजनन क्षमता पर असरः कीटनाशकों का सेवन प्रजनन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है और इनफर्टिलिटी की समस्या बढ़ाता है। बच्चों पर प्रभावः बच्चों के विकास में देरी और व्यवहार संबंधी समस्याएं भी कीटनाशक के संपर्क में आने से होती हैं।पानी और मिट्टी का प्रदूषणः खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव न केवल फसल को, बल्कि आसपास के जल स्रोतों और मिट्टी को भी दूषित कर रहा है। इस खतरे को कम करने के लिए फलों और सब्जियों को खाने से पहले गुनगुने पानी और नमक के घोल से अच्छी तरह धोना चाहिए। इसके अलावा, कीटनाशकों के बजाय जैविक खेती को अपनाना ही भविष्य के लिए सुरक्षित विकल्प है ।ऑर्गेनिक फल-सब्जियां के सेवन से जन जीवन के स्वास्थ्य को बेहतरीन बनाया जा सकता है इसलिए ज्यादा से ज्यादा ऑर्गेनिक फल और सब्जियां उगानी चाहिए और उनका सेवन करना चाहिए। ऑर्गेनिक फल सब्जियों का बेहतरीन उत्पाद इस प्रकार से करना चाहिए जैसे प्राकृतिक खाद का प्रयोगः रासायनिक उर्वरकों के बजाय गोबर की खाद, वर्मीकम्पोस्ट (केंचुआ खाद), या हरी खाद का उपयोग करें। हानिकारक कीटनाशकों की जगह नीम का तेल, दशपर्णी अर्क, या प्राकृतिक शिकारी कीड़ों का उपयोग करें। फसल चक्रअपनाएं ताकि मिट्टी की उर्वरता बनी रहे।

जेनेटिकली मॉडिफाइड से बचावः पारंपरिक और देसी बीजों का उपयोग करें।स्वच्छताः पानी के स्रोतों को रसायनों से मुक्त रखें। पारंपरिक और देसी बीजों का उपयोग करें। स्वच्छताः पानी के स्रोतों को रसायनों से मुक्त रखें। ऑर्गेनिक फल-सब्जियों के मुख्य लाभः उच्च पोषणः इनमें सामान्य सब्जियों की तुलना में 20-40% अधिक एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी मिल सकते हैं।कैंसर और बीमारियों से बचावः हानिकारक रसायनों के सेवन से बचकर कैंसर, हृदय रोग और एलर्जी जैसी समस्याओं का जोखिम कम होता है। बेहतर स्वादः धीमी गति से प्राकृतिक रूप से पकने के कारण इनका स्वाद अधिक समृद्ध और मीठा होता है।सुरक्षित और स्वस्थः बच्चों और परिवारों के स्वास्थ्य के लिए यह उत्तम हैं क्योंकि ये पूरी तरह से प्राकृतिक प्रक्रिया से आते हैं। पर्यावरण के लिए बेहतरः इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, प्रदूषण कम होता है और पानी के संसाधनों की रक्षा होती है। पेस्टिसाइड के सभी पहलुओं पर मंथन करने पर यही निष्कर्ष निकलता है कि पेस्टिसाइड का कम से कम प्रयोग किया जाए और ज्यादा-से-ज्यादा ऑर्गेनिक फल और सब्जियां उगाई जाए जिनके खाने से जनजीवन के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव कम पड़ेगा और जनजीवन बेहतर बनता चला जाएगा इसलिए समय की जरूरत है की ऑर्गेनिक फासलें, सब्जियां, फल इत्यादि की पैदावार को बढ़ावा देना चाहिए।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत ( 9837313943)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
actionindiaddn@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# रंगों से नहीं, परिवर्तन से खिलता है मन का वसंत

**कृति आरके जैन**

**अँधेरा** जितना भी गहरा हो, जब आग की लपटें उठती हैं, वह हर छिपी कड़वाहट और पुरानी पीड़ा को राख बना देती हैं। होलिका दहन केवल एक धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि यह जीवन का सबसे बड़ा संदेश है कि बुराई कितनी भी प्रबल क्यों न हो, वह अंततः समाप्त हो जाती है। राख से उठता है नया वसंत, जिसमें हर पत्ता हरा, हर फूल खिलता और हर सांस नई ऊर्जा से भर जाती है। होली हमें यह सिखाती है कि परिवर्तन कोई असंभव चमत्कार नहीं, बल्कि हर क्षण हमारी अपनी समझ और प्रयास से संभव है। जो आज दुख में डूबा है, वही कल प्रेम, आनंद और उमंग के रंग में सराबोर हो सकता है। होलिका की कथा केवल पुरानी कहानी नहीं, बल्कि मानव मन के भीतर छिपे द्वंद्व का प्रतीक है।

हिरण्यकश्यप का अहंकार और प्राद की निश्छल भक्ति हमें बताते हैं कि अच्छाई और बुराई दोनों हमारे भीतर मौजूद हैं। जब अहंकार की आग अपने आप को भस्म कर देती है, तब प्रेम और सत्य की शक्ति और प्रबल हो जाती है।

हमारी जिंदगी में भी कई हिरण्यकश्यप हैं – ईर्ष्या, क्रोध, भय, लालच – जो हमें मानसिक और भावनात्मक रूप से जलाने का प्रयास करते हैं। लेकिन जब हम प्राद की तरह सत्य और प्रेम पर अडिग रहते हैं, तो वही आग नकारात्मकता को समाप्त कर देती है। यही होली का सबसे बड़ा संदेश है – परिवर्तन हमेशा हमारे भीतर से शुरू होता है। रंग बरसाना केवल चेहरों तक सीमित नहीं होता; यह दिलों की दीवारों तक पहुँचता है।

पुराने मतभेद, वर्षों की शिकायतें, टूटे रिश्ते और कड़वाहटें सब रंगों में घुलकर मिट जाती हैं। होली का वसंत तभी आता है, जब हम पहले अपने भीतर की होलिका जला चुके होते हैं। जैसे सर्दियों के बाद बसंत की ताजगी आती है, वैसे ही मन के अँधेरों और पुराने गिले-शिकवे समाप्त होने पर प्रेम और भाईचारा खिलता है। परिवर्तन का अर्थ है पुरानी आदतों और नकारात्मक सोच को जलाना, और नए विचार और सकारात्मक ऊर्जा अंकुरित करने देना।

# एक नासमझ की अभद्र टिप्पणी से पूर्वोत्तर में उभरी पीड़ा

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**नई दिल्ली** के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन लड़कियों के साथ कथित नस्लीय टिप्पणी और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। एयर कंडीशनर लगाने को लेकर शुरू हुआ एक मामूली पड़ोसी विवाद देखते ही देखते गंभीर आरोपों में बदल गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है यह कोई पहली बार नहीं है कि पूर्वोत्तर भारत के लोगों के साथ उनकी शारीरिक बनावट व संस्कृति को लेकर कहीं शेष देश में अभद्रता की गई हो। यहां तक कि एक बार तो पूर्वोत्तर के एक मुख्यमंत्री प्रेस वार्ता में यह कहते रो पड़े थे कि उन्हें भारतीय तक नहीं समझा जाता है। बीते साल मई में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर को 'हमारे विविधता के राष्ट्र में सबसे विशिष्ट क्षेत्र' बताया था। लेकिन दुखद तथ्य यह है कि कुछ ताकतें इन टिप्पणी को तूल देकर बात का बतंगड़ बना कर पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के दिलों में विष वमन करने के लिए लगी रहती है । हालांकि कई बार इन राज्यों के लोग अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होते हैं लेकिन यह राज्य की कानून व्यवस्था से जुड़े मामले होते हैं जिन्हें नस्लीय भेदभाव से जोड़ कर अलगाव की फसल पैदा करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। कुछ समय पूर्व देहरादून में त्रिपुरा के छात्र अंजेल चकमा की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के दो महीने से भी कम समय बाद, अब दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं को उनके पड़ोसियों ने कुत्सित शब्द ' धंधेवाली' से संबोधित किया और मोमो बेचने को कहा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि उन्हें अपने ही देश में, और वह भी देश की राष्ट्रीय राजधानी में बेगाना करार दे दिया गया। विडंबना यह है कि यह अभद्रता किसी झगड़े या आवेश की प्रतिक्रिया नहीं थी बल्कि यह पहचान और जातीयता पर लक्षित हमला था। इस घटनाक्रम के बाद एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर धर्म, जाति व जन्मस्थान आदि के आधार पर कटुता फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा अन्य आरोप भी लगाए गए हैं। निस्संदेह, इस दंपति के आपत्तिजनक व्यवहार ने एक गहरे जख्म को ही उजागर किया है, जो 'सबका साथ, सबका विकास' की अवधारणा को सिरे से खारिज करने वाली सोच है।

# समाधान शिविर में शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाए निपटारा : मोनिका शर्मा

## समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित

**समीक्षा बैठक**

समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगराधीश मोनिका शर्मा ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। इन शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को सरकार द्वारा चलाई जारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

नगराधीश मोनिका शर्मा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थी। इससे पहले चंडीगढ़ से हरियाणा के सिविल एविएशन, फॉरेन कोऑपरेशन विभाग की आयुक्त सचिव अवनीत पी.कुमार ने वीडियो कांफ्रेंस माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों के साथ समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

नगराधीश मोनिका शर्मा ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का समाधान तत्परता से किया जाए। शिकायतों को बार-बार री-ओपन न होने दे। बल्कि उनका समाधान करके शिकायतकर्ता को संतुष्ट करे। सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए। गुणवत्तापूर्ण एटीआर का परफोर्मा भरकर पोर्टल पर अपलोड की जाए, ताकि वह शिकायत दोबारा से न खुले। जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन्हें रिजेक्ट की श्रेणी में डाले।

इस अवसर पर शुगर मिल की एमडी अदिति, डीएसपी संदीप कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खेड़ी गुर्जर परीक्षा केंद्र के बाहर संदिग्ध गतिविधियों का वीडियो वायरल

**गन्नौरः** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के दौरान खेड़ी गुर्जर गांव स्थित राजकीय विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र के बाहर कुछ युवकों के एकत्र होने का मामला सामने आया है। शुक्रवार को आयोजित राजनीति विज्ञान की परीक्षा के समय केंद्र के बाहर हलचल देखी गई, जिसका एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।
वायरल वीडियो में कुछ युवक कागज हाथ में लिए दिखाई दे रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि परीक्षा के प्रश्न बाहर भेजे गए और उनके उत्तर तैयार कर पुनः परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो के आधार पर विभिन्न तरह की चर्चाएं चल रही हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए गए कि प्रश्नों को कागज पर लिखकर मोबाइल एप के जरिए साझा किया गया।
वहीं, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने वायरल वीडियो में किए जा रहे दावों को खारिज किया है।

# जिलास्तरीय बैठक में आरएमपी चिकित्सकों ने उठाई बोर्ड के पुनर्गठन की मांग

**नारेबाजी**

बोर्ड गठन से आरएमपी को मिलगा प्राथमिक चिकित्सा का अधिकार – डॉ सैनी




**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 27 फरवरी (कुलदीप सैनी)** : आरएमपी एवं अनुभवी चिकित्सक एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार को शहर की शहीद उधम सिंह काम्बोज धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर से सैकड़ों आरएमपी चिकित्सकों ने भाग लिया। बैठक का शुभारंभ एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल सैनी ने भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक के उपरांत पत्रकारों को जानकारी देते हुए प्रदेशाध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल सैनी ने बताया कि बैठक में संगठन की मजबूती सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लिंग जांच और नशा बेचने के नाम पर आरएमपी चिकित्सकों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि एसोसिएशन ऐसे कृत्यों का समर्थन नहीं करती। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई आरएमपी चिकित्सक इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो एसोसिएशन स्वयं स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर उसके विरुद्ध कार्रवाई का समर्थन करेगी। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन लंबे समय से हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पुनर्गठन की मांग कर रही है, ताकि पात्र एवं अनुभवी आरएमपी चिकित्सकों को सूचीबद्ध कर उन्हें सम्मानपूर्वक प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं देने का अवसर मिल सके। बोर्ड के गठन न होने से वर्षों से सेवाएं दे रहे चिकित्सकों को झोलाछाप जैसे शब्दों से संबोधित किया जाता है, जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पंहुचती है। बैठक में प्रदेश सरकार से शीघ्र बोर्ड गठन कर आरएमपी चिकित्सकों को वैध पहचान व सुरक्षा प्रदान करने की मांग दोहराई गई। इस मौके पर जरनैल सिंह कालिया, कुलदीप रामपुर, देशराज काम्बोज, डॉ. ऋषिपाल बावा, संजीव कश्यप, सरजन सैनी, कमल सैनी, जरनैल सारण, मनोज शर्मा, दिनेश तिगरा, सन्नी कंडेला, रामकुमार शर्मा, नरेंद्र लांबा, समय सिंह, राजबीर, मोहन प्रजापति, तिलकराज खान, बलदेव पाल, लज्जाराम, सुधीर उपस्थित रहे।

# बाबा खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव गंगा हेचरी भालसी में श्रद्धापूर्वक सम्पन्न : डॉ नवीन नैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत**

फाल्गुन माह के पावन अवसर पर गंगा हेचरी, भालसी पानीपत में बाबा खाटू श्याम जी का भव्य महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।
कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई और सुख-समृद्धि की कामना की।
कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे विधिवत पूजा-अर्चना एवं ज्योति प्रज्वलन के साथ हुआ।
इसके उपरांत भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध सिंगर एवं एक्टर अन्नू हरियाणवी एवं श्याम सुन्दर जागरण मंच ने अपनी मधुर वाणी से बाबा के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा पंडाल ह्रहारे का सहारा, बाबा श्याम हमाराह्व के जयकारों से गूंज उठा।
इस अवसर पर भव्य फूलों से सजे दरबार की छटा देखते ही बन रही थी,श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से कीर्तन में भाग लिया और भक्ति रस में सराबोर हो गए। दोपहर 1 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।
इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि फाल्गुन माह बाबा श्याम की विशेष कृपा का समय माना जाता है।
उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ,श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष और भी भव्य आयोजन का संकल्प लिया।

## आज चीका पहुंचेगी बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** पिछले 146 दिनों से कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद बृजेंद्र डूमसह की सद्भावना यात्रा कल शनिवार को चीका पहुंचेगी। यहां जारी एक प्रेस नोट के अनुसार बृजेंद्र सुबह 10 बजे किसान भवन चीका पहुंचेंगे, जिसके बाद गांव बलबेहड़ा, हरिगढ़ किंगण, सींह होते हुए गुहला हलके के सबसे बड़े गांव भागल पहुंचेंगे। अग्रवाल धर्मशाला चीका में उनका रात्रि विश्राम कार्यक्रम तय किया गया है। उनका रात्रि विश्राम कार्यक्रम है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 10 बजे गांव खरकां से एक बार फिर सद्भावना यात्रा शुरू होगी और समाधां, लदाना चक्कू, घोघ, नागल, गोहरां होते हुए सीवन पहुंचेगी। जानकारी के अनुसार होली के चलते 2 मार्च से 5 मार्च तक अवकाश रहेगा और उसके बाद अगले कार्यक्रम के अनुसार सद्भावना यात्रा रवाना होगी।

## गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान मानवता और न्याय की रक्षा का अद्वितीय प्रतीकः डा. मेजर खैरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां राजकीय कन्या महाविद्यालय के पंजाबी विभाग द्वारा महाविद्यालय के सेमिनार हाल में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को गुरु जी के जीवन दर्शन एवं उनकी महान शहादत से अवगत करवाना था। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में गुरु नानक खालसा कालेज, करनाल के पूर्व प्राचार्य डा. मेजर सिंह खैरा ने शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जितेंद्र मोर ने मुख्यातिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में डा. मोर ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने समाज में फैली असमानता और कुरीतियों के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की और मानवता के कल्याण के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने युवाओं से गुरु जी की वाणी और उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. मेजर सिंह खैरा ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और उनके बलिदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब भी कोई मनुष्य अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता है, तो इतिहास उसका साक्षी बनता है। गुरु तेग बहादुर जी की शहादत केवल एक धार्मिक घटना नहीं थी, बल्कि यह मानवी अधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए दिया गया सर्वोच्च बलिदान था।

## न्यूज फ्लैश

### खेत में खड़ी किसान की बाइक चोरी

**रादौर, 27 फरवरी (कुलदीप सैनी)** : खेत में गए एक किसान की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में जठलाना निवासी कुलवंत सिंह ने बताया कि वह अपनी बाइक पर खेतों में काम पर गया था। उसने अपनी बाइक टयूबवैल पर खड़ी कर दी और वह वहां से कुछ ही दूरी पर अपने खेत में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापिस आया तो उसने देखा कि मेरी बाइक वहां पर नहीं थी। आसपास तलाश की लेकिन बाइक का कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया।

### आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणित विभाग की तरफ से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**पानीपतः** जी.टी. रोड स्थित स्थानीय आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणित विभाग की तरफ से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर आई. बी (एल) पब्लिक स्कूल के प्रबंधक युधिष्ठिर मिगलानी ने अपने संबोधन में बताया कि बच्चों को इन गतिविधियों में निरंतर भाग लेना चाहिए जिनसे उनका आत्मविश्वास का निर्माण होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि गणित एक ऐसा विषय है जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हर क्षेत्र से जुड़ा है ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का ज्ञान एवं आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने बताया कि किस तरह गणित हमारी रोजमर्रा की जिंदगी से और प्राकृतिक वस्तुओं से जुड़ा हुआ है। विभागाध्यक्ष डॉ. अर्पणा गर्ग ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यार्थी अपने निश्चित विचार, तथ्य या प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। विद्यार्थियों ने फेक्ट्रल्स,मैथमेटिक्स इन क्लाइमेट मॉडलिंग, ग्राफ थ्योरी इन सोशल नेटवर्क्स, मैथमेटिक्स का स्टॉक मार्केट, ऑप्टिमाइजेशन इन रियल लाइफ आदि विषयों पर पोस्टर बनाएं।
पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे :
प्रथम स्थान झ्र दीपक, बी सी ए प्रथम वर्ष,
द्वितीय स्थान - अंकित, बी सी ए प्रथम वर्ष,
तृतीय स्थान - साक्षी एवं सपना , बी एस सी प्रथम वर्ष,
सांत्वना पुरस्कार झ्र अमन, बी एस सी द्वितीय वर्ष
इस गतिविधि में विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपप्राचार्या डॉ. किरण मदान, डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. पूनम मदान, डॉ निधान सिंह , सहायक प्रो. पवन कुमार, डा. विक्रम कुमार, सहायक प्रो. अजयपाल, डॉ प्रवीन कुमार, सहायक प्रो. कनक शर्मा, डॉ. पूनम गुप्ता, सहायक प्रो. संगीता, मिस्टर मनीष, मिस कीर्ति, मिस मुस्कान आदि उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा में भगवान के 24 अवतारों के सिमरन से ही जीवन हो जाता है सफलः शास्त्री

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** खाटू श्याम पार्क रिहायशी कॉलोनी नंबर 1 में चल रही श्रीमद्भागवत महाकथा के तीसरे दिन के यजमान अशोक सिंगला ने अपनी पत्नी के साथ पूजा अर्चना की। इस अवसर पर कथा व्यास अरविंद शास्त्री जी चित्रकूट वाले ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में भगवान के 24 अवतारों की गाथा है, अगर हम इन 24 अवतारों का हर रोज नाम लें, तो इससे ही व्यक्ति का जीवन सफल हो सकता है। उन्होंने बताया कि जब महाभारत व अन्य पुराण की रचना के बाद भी महर्षि वेदव्यास का मन बहुत दुखी था, तब नारद देव ऋषि मुनि ने कहा कि आप एक अन्य ग्रंथ श्रीमद्भागवत की रचना करें, तब महर्षि वेदव्यास ने विष्णु भगवान के कृष्ण अवतार की भक्ति पर आधारित इस ग्रंथ की रचना की और इस ग्रंथ को लिखने के लिए गणेश जी महाराज को बुलाया गया और कहा कि आप अपनी लेखनी के द्वारा ही इस ग्रंथ को लिखें।

## एचएसईबी वर्कर यूनियन ने गेट मीटिंग कर उठाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगें



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 27 फरवरी (कुलदीप सैनी)** : सब डिवीजन प्रांगण में एचएसईबी वर्कर यूनियन के बैनर तले केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर दो घंटे की गेट मीटिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनिट प्रधान कर्म सिंह ने की। मीटिंग में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। प्रमुख मांगों में डीसी रेट के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को समान काम समान वेतन लागू करना, 18 वर्षों से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, एचआरएमएस कोड बनाना, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागू करना तथा रिस्क अलाउंस प्रदान करना शामिल रहा। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों में रोष है और इन्हें शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। बैठक में 2 मार्च को शाम 5 से 7 बजे यमुनानगर सर्कल में आयोजित होने वाली विशाल मशाल यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान भी किया गया। इस अवसर पर सब यूनिट प्रधान प्रवेश सैनी, उपप्रधान अभिलाष शर्मा, सचिव मोहन लाल, ब्लॉक प्रधान राजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कानून और व्यवस्था पूरी तरह से दुरूस्तः डीसी

**पत्रकार वार्ता**

भ्रामक प्रचार करने वालों पर बरती जाएगी सख्ती
सभी मीडिया प्लेटफार्म पर निगरानीः एसपी




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत**

रिफाईनरी प्रकरण को लेकर शुक्रवार को डीसी एवं एसपी ने जिला सचिवालय के तृतीय तल स्थित एसपी कार्यालय में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया और स्थिति स्पष्ट्द की। डीसी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि रिफाईनरी प्रकरण को लेकर कोई भी व्यक्ति या सोशल मीडिया इंफयूलंसर किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भ्रामक प्रचार ना करे। रिफाईनरी की स्थिति कंट्रोल में है और कानून और व्यवस्था पूरी तरह से काबू में है।
उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का कोई तनाव नही है और श्रमिकों का आवागमन पूरी तरह से खुला हुआ है। प्रशासन ने किसी भी दुकान को बंद नही करवाया है। रोजमर्रा से जुड़ी सभी चीजें श्रमिकों के लिए रिफाईनरी की दुकानों में उपलब्ध है।
डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि ठेकेदारों से बार-बार श्रमिकों के हित के लिए बात की जा रही है और सख्त दिशानिर्देश दिए गए हैं। विभिन्न मजदूर संगठनों को भी किसी भी तरह का संशय नही है। विगत में भी श्रमिकों के हितों का ध्यान रखते हुए ठेकेदारों को कहा गया है।
यही नहीं फरवरी माह का वेतन होली से पहले देने के निर्देश दिए गए हैं।
एसपी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि अफवाहें फैलाने वालें लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी और सख्त एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दो-तीन दिन से कुछ मीडिया प्लेटफार्म पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा था जिसे बंद करवाया गया है। त्यौहारी सीजन को देखते हुए कुछ श्रमिक घर की ओर रवाना हो रहें है जोकि बाद में काम पर लौटेंगे। उनके आवागमन पर किसी भी तरह की रूकावट नही है और ना ही उन्हें उकसाया गया है। उन्होंने अपील की कि किसी भी मीडिया प्लेटफार्म पर बिना प्रशासन की जांच-पड़ताल किए बिना सूचना ना डाले। इसी संदर्भ में आईजी लॉ एंड ऑर्डर कुलदीप सिंह ने भी रिफाइनरी परिसर का दौरा कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया, एसपी भूपेंद्र सिंह, निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी, एसडीएम मनदीप कुमार इत्यादि भी उपस्थित रहे।

# आर्य कॉलेज में विश्व विज्ञान दिवस पर रसायन विज्ञान विभाग ने आयोजित की प्रतियोगिताएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत**

विश्व विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आर्य कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को पोस्टर मेकिंग एवं पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा, "विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों को अपनी वैज्ञानिक अवधारणाओं को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करने का अवसर देती हैं।" उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार और अनुसंधान के लिए प्रेरित किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने 'हरित रसायन एवं सतत विकास', 'जलवायु परिवर्तन' और 'नवीन ऊर्जा स्त्रोत' जैसे विषयों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। वहीं, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने 'नैनो टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग', 'आधुनिक चिकित्सा में रसायन' तथा 'अंतरिक्ष अनुसंधान में रासायनिक योगदान' जैसे गंभीर विषयों पर अपने शोधपूर्ण विचार साझा किए। दोनों ही प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल वर्मा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाते हुए उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विजेताओं की घोषणा की। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार पीपीटी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डॉ. वर्मा ने कहा, "हमारे छात्रों ने जिस गहनता और रचनात्मकता से विषयों को समझा है, वह सराहनीय है। यह विभाग के शैक्षणिक वातावरण को दशार्ता है।" इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रसायन विज्ञान विभाग की ओर से किया गया। अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया। कॉलेज ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया।
प्रतियोगिताओं के परिणा इस प्रकार रहे।
पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भूमि बजाज,भावना, अंजली, तान्या,ओजस्वी ने संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार, रितु, मानसी, तनिषा,आशु व स्वाति ने संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार, वहीं अंशुल,दीपांशी,ईशा,शीतल व ईशा शर्मा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।
पावर प्वाइंट प्रजंटेशन प्रतियोगिता में पहला स्थान आर्यन और तान्नया ने संयुक्त रूप से हासिल किया। दूसरा स्थान टीना और किटटू ने संयुक्त रूप से हासिल किया। वहीं तीसरा स्थान तृषा व श्रेया ने अपने नाम किया।
इस आयोजन ने छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और अपनी प्रतिभा को निखारने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया।

# ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी के 11 छात्रों का हुआ विभिन्न कंपनियों में चयन



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 27 फरवरी (कुलदीप सैनी)** : ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी के 11 छात्रों का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ है। चयनित छात्रों को चेयरमैन सीए एस.के जिंदल व प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डा. अश्वनी कुमार ने बताया कि मेगा फार्मा जाब फेयर 2026 के माध्यम से बी. फामेर्सी अंतिम वर्ष के 11 छात्रों को चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ है। जिसमें से छात्र शिवम, फराज अहमद, ओसामा, नीलम कुमारी, शीतल, दीक्षांत, कृतिका शर्मा, उस्मी खत्री, हिमांशु श्रीवास्तव व मोहम्मद नवाब का नाम शामिल है। इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लग्न और निरंतर प्रयासों के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त ऋतिक धूरिया का चयन लर्निंग रूट्स प्राइवेट लिमिटेड में 6 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है, जो संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। इस प्रकार की उपलब्धियां संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशिक्षण व्यवस्था की प्रमाणिकता को दशार्ती हैं। उन्होंने प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट टीम को भी विशेष रूप से बधाई दी और उनके समर्पित प्रयासों, उद्योगों से निरंतर समन्वय, मेगा फार्मा जाब फेयर के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### एसके रोड स्थित पश्चिमी यमुना नहर पुल पर डंपर ने एक्टिवा सवार को टक्कर मार दी



**एसके** रोड स्थित पश्चिमी यमुना नहर पुल पर डंपर ने एक्टिवा सवार को टक्कर मार दी। जिसमें सड़क पर गिरी महिला को डंपर ने कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके ससुर को भी चोट लगी। उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया। वर्कशाप निवासी 32 वर्षीय सुजाता की शादी उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के सरसावा में हुई थी। शुक्रवार की दोपहर लगभग चार बजे वह अपने ससुर के साथ एक्टिवा पर सरसावा के लिए जा रही थी। जब वह पश्चिमी यमुना नहर पुल पर पहुंची। तभी पीछे से डंपर ने उनकी एक्टिवा में टक्कर मार दी। जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरे। ससुर एक तरफ गिरा। जबकि सुजाता डंपर के नीचे आ गई। डंपर उसे कुचलता हुआ निकल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका नर्सिंग की पढाई कर रही थी।

### शराब घोटाला केस में अरविंद केजरीवाल,मनीष सिसोदिया सहित अन्य नेताओं के बरी होने से सत्य की जीत हुई : राजेन्द्र सोरखी

**हांसी ( दिनकर गावड़ी)**: आम आदमी पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा है कि "शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा आज सुनाए गए फैसले में आम आदमी पार्टी के संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसोदिया सहित सभी आरोपियों को सीबीआई केस से बरी कर दिया है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी करते हुए कहा-बिना सुबूत के आरोप साबित नहीं होता है।" उन्होंने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से सत्य की जीत हुई है। राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने हमेशा ही ओच्छी राजनीति की है। अपनी इन्हीं हरकतों का परिचय देते हुए भाजपा सरकार ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सहित कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ शराब घोटाला का मुकदमा दर्ज करके उन्हें जेल में भेजने का काम किया था। भारत के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने सीटिंग मुख्यमंत्री व डिप्टी सीएम को जेल भेजने का काम किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगभग 6 माह तक व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया लगभग 2 साल तक जेल में रहे। उस समय भी आम आदमी पार्टी की ओर से गरज-बरस कर कहा गया था कि पार्टी नेताओं ने किसी तरह का कोई घोटाला या भ्रष्टाचार नहीं किया। वे केवल जनता की भलाई के काम कर रहे हैं, जो भाजपा सरकार को रास नहीं आई। आम आदमी पार्टी का कहना है कि देश में इतनी समस्याएं हैं, उनकी तरफ सरकार व सरकार में बैठे सत्ताधारियों का ध्यान नहीं जाता किंतु आम आदमी पार्टी के नेताओं पर तरह-तरह की प्रताड़ना करके उन्हें जेल में डालने का काम किया गया। आज कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले ने साबित कर दिया है की आप नेताओं के खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र रचा गया।

# एसपी दीपक सहारन ने जन संवाद कर लोगों की समस्याएं सुनी

## तस्करों की असली जगह जेल में है, इसलिए बेझिझक होकर पुलिस को सूचना दें

**समाधान**

सहारन ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और तुरंत प्रभाव से उनका समाधान किया



**सिरसा.(शुभम.खटक)**.बीती रात्रि बड़ागुढा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव लक्कड़ावाली में जिला प्रशासन एव पुलिस प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया । रात्रि ठहराव में जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे एसपी दीपक सहारन ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और तुरंत प्रभाव से उनका समाधान किया । इस मौके पर उन्होंने सिरसा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया और समाज से अपील की कि इस अभियान की सफलता के लिए जन सहयोग बेहद जरूरी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे को एक गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि यह एक अभिशाप है, जो न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि समाज के समग्र स्वास्थ्य और सुरक्षा को भी खतरे में डालता है । उन्होंने कहा, नशे के खिलाफ समाज को पूरी तरह से जागरूक और सक्रिय बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी मिलकर एक बड़े सामाजिक आंदोलन की दिशा में काम करें। सिरसा पुलिस नशे के खिलाफ अपने स्तर पर लगातार अभियान चला रही है, और इसके बहुत सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। एसपी ने इस अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है, जिससे अपराधों में कमी आई है और नशे के प्रभाव को कम करने में मदद मिली है । उन्होंने यह भी कहा कि सिरसा पुलिस आमजन को नशे के बारे में जागरूक करने के प्रयासों में जुटी हुई है। सिर्फ पुलिस की कार्रवाई से ही काम नहीं चलेगा । नशा मुक्त समाज के लिए हर एक नागरिक को जिम्मेदारी उठानी होगी। जब समाज का हर व्यक्ति अपनी गली, मोहल्ले और गांव की जिम्मेदारी लेगा, तभी हम इस अभियान को सफल बना सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि युवा वर्ग नशे की चपेट में आकर लगातार अपराध की ओर अग्रसर हो रहा है। नशे की पूर्ति के लिए युवा अक्सर अपराधिक गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं, जो न केवल उनके जीवन को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि समाज के लिए भी गंभीर समस्या बनते हैं। उन्होंने विशेष रूप से माता-पिता से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। एसपी दीपक सहारन ने आगे कहा, नशा समाज की नींव को कमजोर करता है, और इससे जड़ से खत्म करने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा। मैं सभी सामाजिक संस्थाओं और आमजन से अनुरोध करता हूं कि वे नशे के खिलाफ चलाए जा रहे इस अभियान में और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। तभी हम इस अभियान को सफलता की ऊंचाइयों तक ले जा सकेंगे।इस मौके पर एसपी ने पुलिस द्वारा जारी किए गए मोबाइल नंबर 88140-56100 और 88140-11620 पर नशा तस्करों या गैरकानूनी धंधे करने वालों की सूचना देने का भी आह्वान किया।

# विश्वविद्यालयों व संकाय सदस्यों का सशक्त होना जरूरी: जी रेड्डी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के 17वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को विभिन्न सांस्कृतिक एवं अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर भारत सरकार के सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य एवं डीआरडीओ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न कार्यक्रम का उदघाटन कर इनका शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार ने की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रोफेसर पवन शर्मा, कुलसचिव सुनील कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के अवसर ही विश्वविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल साइंस डे व सांस्कृतिक महोत्सव स्पंदन का भी आगाज हुआ। इन दोनों ही कार्यक्रम में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ साथ विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय से लगभग 2000 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इससे पूर्व गत देर शाम स्पंदन की परंपरा के अनुरूप सांस्कृतिक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें अपनी बेहतर प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने भारत की विविधता को मंच पर प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि डॉ. जी सतीश रेड्डी ने विश्वविद्यालय द्वारा वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को कक्षा की पढ़ाई से आगे बढ़कर सोचने और नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. सीवी रमन की खोज आज भी वैज्ञानिकों को प्रेरित करती है।

# नशा मुक्त अभियान: गांव राजावास में पुलिस ने युवाओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़**: डोर-टू-डोर नशा मुक्त अभियान के तहत गठित टीम ने सतनाली के गांव राजावास का दौरा किया। गांव के शिव मंदिर में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया, जहां पुलिस ने ग्रामीणों के साथ नशा मुक्ति के विषय पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर एएसआई देवेंद्र और उनकी टीम ने विशेष रूप से युवा वर्ग को नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में बताया और उन्हें इस बुरी लत से दूर रहकर एक स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने बताया कि जो भी नशा पीड़ित व्यक्ति स्वेच्छा से नशा छोड़ना चाहते हैं, पुलिस उनके इलाज और पुनर्वास में हर संभव मदद करेगी। इसके साथ ही मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। नशा मुक्ति के संदेश के साथ-साथ, पुलिस ने ग्रामीणों को कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए नए आपराधिक कानूनों—भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम—के प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

# समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



**सिरसा, (रणबीर खटक)**
एडीसी वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली जन शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

इससे पहले मुख्यालय स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलेवार समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का तत्परता के साथ स्थाई समाधान किया जाए ताकि नागरिकों को संतुष्टि हो और उन्हें ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने विशेष तौर पर लंबित शिकायतों व सीवरेज व मरम्मत जैसी छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की समस्याएं ज्यादा आ रही हैं, वहां संबंधित अधिकारी इन्हें स्वयं मोनिटर करें और कमेटी या ग्रुप बनाकर समाधान का प्रयास करें। उन्होंने विकास एवं पंचायत विभाग को सरकारी जमीन पर कब्जा, अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में और तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विभागों को विशेष तौर पर निर्देश दिए कि किसी भी जन शिकायत की एटीआर निर्धारित प्रोफार्मा अनुसार अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक 7555 शिकायतें दर्ज हुई है, जिसमें से 162 शिकायतें लंबित है तथा 5915 शिकायतों का समाधान किया गया है। इसके अलावा 1027 शिकायतें रिजेक्ट हुई हैं, 373 शिकायतें रिओपन हुई है तथा 78 शिकायतें न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सीएम विंडो, समाधान शिविर और जनसंवाद की शिकायतों को अधिकारी खुद पढ़ें और उनमें जो शिकायतें दी गई है, उनके समाधान के लिए पुरजोर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी आपसी तालमेल के साथ बेहतर कार्य करें और यदि कोई शिकायत दूसरे विभाग से भी संबंधित है तो उसे भी तत्काल अवगत करवाएं।

# राजकीय महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**कार्यशाला**

सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से व्यक्तित्व विकास विषय पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई

**महेंद्रगढ़** । राजकीय महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं रोजगारोन्मुखी कौशल को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से व्यक्तित्व विकास विषय पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रभावी संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता तथा रोजगार संबंधी दक्षताओं का विकास करना रहा, जिससे वे भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मक चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव, उप-प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह, प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ एवं प्लेसमेंट सेल प्रभारी सहायक प्रोफेसर अलका द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व विकास, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं प्रभावी संवाद कौशल ही विद्यार्थियों को सफलता के शिखर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी कर अपने कौशल को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में ओम स्टर्लिंग यूनिवर्सिटी हिसार से मार्केटिंग हेड सचिन काजल एवं अशोक कुमार अपनी टीम सहित उपस्थित रहे।

# अवैध कॉलोनी/निमार्णों के विरूद्ध जिला प्रशासन की सहायता से तोड़ने की कार्यवाही की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर-जगाधरी**

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र यमुनानगर-जगाधरी में पडने वाले राजस्व संपदा मौजा हरनौल, तहसील जगाधरी और मौजा रादौर व कुन्जल काम्बोयन, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर में तीन अनाधिकृत कॉलोनियां विकसित की जा रही थी। इस अवैध कॉलोनी/निमार्णों के विरूद्ध जिला प्रशासन की सहायता से तोडने की कार्यवाही की गई।



उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार व क्षेत्रान्वेषक रवि दत्त और ए.एम.ओ. जगाधरी अश्विनी चन्द्र जो कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डयूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्त किए गए थे तथा थाना प्रबन्धक, राज्य प्रवर्तन ब्यूरो, यमुनानगर अपने दल-बल सहित तोड़-फोड़ के दौरान मौके पर उपस्थित रहे। इस दौरान जिला नगर योजनाकार, यमुनानगर द्वारा तीन अवैध कॉलोनियों में जिसका क्षेत्रफल पहली कॉलोनी मौजा हरनौल लगभग 0.75 एकड़, दूसरी मौजा रादौर लगभग 1 एकड़ व तीसरी कॉलोनी मौजा कुन्जल काम्बोयान लगभग 1 एकड़ में बनी पक्की सडकें, नीवें व प्लाटों की निशानदेही को तोड़ा गया।

जिला नगर योजनाकार ने बताया कि चूककताओं को अर्बन एरिया एक्ट 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किये गए थे।

## नकल रहित परीक्षा सामाजिक दायित्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । एसडीएम कनिका गोयल ने शुक्रवार को महेंद्रगढ़ क्षेत्र के बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। खुडाना गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संचालित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र नकल की दृष्टि से काफी संवेदनशील होते हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों से भी नकल रहित परीक्षा के संचालन में प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की है।

नकल रहित परीक्षा एक सामाजिक पहल होनी चाहिए।

# अस्पताल में लगे निशुल्क बहु विशेषज्ञ शिविर

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां सिविल अस्पताल गुहला में महर्षि मारकंडेश्वर मेडिकल कालेज मुलाना (अंबाला) के सहयोग से एक निशुल्क बहु विशेषज्ञ शिविर लगाया गया, जहां अपना चैकअप व इलाज करवाने के लिए सैकड़ों मरीज उमड़ पड़े। उक्त जानकारी देते हुए अस्पताल के वरिष्ठ डाक्टर अमन बंसल ने बताया कि अस्पताल में आए मरीजों की सबसे पहले रजिस्ट्रेशन की गई, ताकि अपनी बारी के हिसाब से वह अपनी जांच करवा सके और अफरा-तफरी का माहौल न बने। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन के बाद शिविर में स्त्री रोग, बाल रोग, नेत्र रोग, कान, नाक, गला रोग,





मनो चिकित्सक रोग, एनेस्थेसिया व दंत विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम मरीजों की जांच करके उन्हें दवा दी गई।

उन्होंने बताया कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य को लेकर बहुत चिंतित है और लोगों को स्वस्थ रखने हेतु ही इस प्रकार के मेगा कैंप लगाए जा रहे हैं।

कैंप को लेकर लोगों की प्रतिक्रियाः

गुहला अस्पताल में लगाए गए निशुल्क बहु विशेषज्ञ शिविर में पहुंचे लोगों से जब उनकी प्रतिक्रिया जाननी चाही, तो राजेश कुमार, संजीव, राम मेहर, सुल्तान, राजीव, काला, सुशीला देवी, ताई भरथो देवी, सुमन लता व राज बाला आदि ने सरकार व प्रशासन द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर पर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कहा कि बड़े डाक्टरों द्वारा उनके घर द्वार पर आकर उनके स्वास्थ्य की फ्री में ही जांच करके उन्हें दवा देना, सरकार की बहुत अच्छी पहल है। लोगों ने मांग की कि समय समय पर ऐसे शिविर तो लगने ही चाहिए अलबत्ता कैंसर जैसी बीमारियों की जांच के लिए भी न केवल शिविर लगाए जाएं अलबत्ता फ्री इलाज की भी व्यवस्था की जाए।

**संगोष्ठी**

निशुल्क बहु विशेषज्ञ शिविर लगाया गया, चैकअप व इलाज करवाने के लिए सैकड़ों मरीज उमड़ पड़े

# सिरसा में बोर्ड परीक्षा को नकल रहित और शातिपूर्ण ढंग से संपन्न

## बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए पुलिस का पैदल मार्च, परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था: एसपी

**सिरसा (शुभम खटक)**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की चल रही परीक्षाओं को नकल रहित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सिरसा में पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आ रहा है और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। एसपी दीपक सहारन ने बताया कि सिरसा में बोर्ड परीक्षा को नकल रहित और शातिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाना पुलिस का परमदायित्व है । उन्होने बताया कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी शरारती तत्वों को बक्सा नहीं जाएगा ।



उन्होने बताया कि पुलिस लगातार परीक्षा केंद्रों के आसपास पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही है तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पूरी तरह नजर बनाए हुई है । परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए केंद्रों के आसपास बेरिकेडिंग की गई है। इसके अलावा ईआरवी डायल 112 परीक्षा केंद्रों के आसपास लगातार गश्त कर रही है । अनावश्यक लोगों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों और अन्य लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि परीक्षार्थियों को शांत वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि जिला के सभी पर्यवेक्षक अधिकारी एवं थाना प्रभारी स्वयं अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुरक्षा में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतने के आदेश दिए। एसपी दीपक सहारन ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े होती है, इसलिए प्रशासन का पूरा प्रयास है कि परीक्षाएं नकल रहित और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हों। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित घरों की छतों पर भी पुलिस जवानों की तैनाती की गई है, ताकि बाहर से पर्चियां फेंकने या किसी अन्य माध्यम से नकल कराने की कोशिशों को रोका जा सके। इसके अलावा सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं, जो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेहुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की है और कहा है कि यदि कोई व्यक्ति नकल से जुड़ी गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की सक्रियता से विद्यार्थियों और अभिभावकों में भरोसा दिखाई दिया।

# प्रशिक्षण शिविर महा अभियान-2026 के तहत हांसी मंडल में बैठक संपन्न

**हांसी (दिनकर गावड़ी):**
पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर महा अभियान-2026 के अंतर्गत हांसी मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना द्वारा की गई।
बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकताओं को प्रशिक्षण शिविर के उद्देश्य, संगठनात्मक संरचना, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आगामी गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह महा अभियान कार्यकताओं के बौद्धिक एवं संगठनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इससे संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी।
मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। बैठक में मण्डल प्रभारी जयबीर माजरा और मंडल के कार्यक्रम संयोजक,हांसी जिला कार्यालय प्रभारी मंजीत जांगड़ा,मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने संगठन की मजबूती और सफल आयोजन का संकल्प लिया। इस मोके पर हांसी ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष गोल्डी सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अशोक ढालिया मण्डल महामंत्री रमेश नायक, महामंत्री मुकेश कटारिया, उपाध्यक्ष अक्षय शर्मा सचिव अनिल आर्य अजय मुंजल रतिराम सैनी मनोनीत पार्षद रमेश मदान अरुण आर्य जी गौरव बंसल विजय बंसल किशोरी नागपाल प्रवीण सिंगला लोकेश भारद्वाज अनिल सेठी मुकेश सैनी कृष्ण गर्ग आदि काफी संख्या मैं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### भागल गांव में 28 फरवरी को लगेगा 23वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसी क्रम में 23वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 28 फरवरी को गुहला विधानसभा के सबसे बड़े गांव भागल में आयोजित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि यह नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 28 फरवरी को भागल के कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित होगा। इस शिविर में नेत्र परीक्षण एवं उपचार, दंत परीक्षण एवं उपचार, स्त्री रोग जांच एवं परामर्श, स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग, मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सामान्य स्वास्थ्य जांच तथा किशोरी दीदी वैन के माध्यम से एनीमिया जांच एवं परामर्श जैसी सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन मोबाइल मेडिकल वैन नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के तहत इन सेवाओं को ओर अधिक व्यापक तथा प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की।

### मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण पारदर्शी एवं निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाएगा: डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया

**पानीपत**
स्टेट इलेक्शन कमिशन हरियाणा द्वारा हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 163 तथा संबंधित नियमों के तहत नवगठित ग्राम पंचायतों और विभिन्न पंचायत पदों के उपचुनाव के लिए मतदाता सूचियों के प्रकाशन/अद्यतन को लेकर अधिसूचना जारी की गई है। यह अधिसूचना 18 फरवरी, 2026 को जारी की गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों में सरपंच/पंच पदों के उपचुनाव हेतु भी मतदाता सूचियों का अद्यतन किया जाएगा।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि 19 फरवरी 2025 से 28 फरवरी 2026 तक संबंधित विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची के आधार पर वार्डवार मसौदा मतदाता सूची तैयार की जाएगी।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि 2 मार्च 2026 को सभी वार्डों की ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन, दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित। 9 मार्च को दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि।
12 मार्च जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा /आपत्तियों का निस्तारण। 16 मार्च को निर्णय के विरुद्ध उपायुक्त-कॅम-जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के समक्ष अपील की अंतिम तिथि। 19 मार्च को अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपीलों का निस्तारण। 27 मार्च 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन।
निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप आयोग द्वारा निर्धारित अनुलग्नक-ह्यएह्व के अनुसार तैयार किया जाएगा तथा पूरी प्रक्रिया हरियाणा पंचायती राज चुनाव नियम, 1994 के नियम 8 के तहत संपन्न होगी।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण पारदर्शी एवं निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाएगा।

डॉ. दहिया ने बताया कि संबंधित क्षेत्रों के सभी पात्र मतदाता यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम वार्डवार प्रकाशित ड्राफ्ट सूची में सही दर्ज हो। यदि किसी मतदाता का नाम छूटा हो या किसी प्रकार की त्रुटि हो तो वह निर्धारित प्रपत्र 1-ए एवं 1-बी में 9 मार्च 2026 तक दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।
उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची चुनाव प्रक्रिया की आधारशिला है। सभी बीएलओ, पंचायत अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और निष्पक्षता से कार्य करें ताकि किसी भी पात्र नागरिक का नाम सूची से वंचित न रहे। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची का अवलोकन अवश्य करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अपना सहयोग दें।

# किसानों ने फूंका मोदी-ट्रंप का पुतला

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध, कैंडल मार्च निकाला, महापंचायत का ऐलान

**जोरदार प्रदर्शन**

**भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते के विरोध में भाकियू चढ़ूनी ग्रुप ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने डीसी कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। किसानों ने आरोप लगाया कि यह समझौता उनकी इच्छा के खिलाफ किया गया है और इससे छोटे किसानों को भारी नुकसान होगा।

भाकियू चढ़ूनी ग्रुप के बैनर तले किसान दोपहर को डीसी कार्यालय के बाहर पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए और भारत-अमेरिका व्यापार डील को तुरंत रद्द करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के पुतले को आग के हवाले किया गया। मौके पर काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

जिला प्रधान अजय राणा ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुआ यह व्यापार समझौता किसानों के हित में नहीं है। उनका आरोप है कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ बैक डोर से व्यापारिक समझौता किया है। यह फैसला किसानों की इच्छा के विरुद्ध लिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि यह डील लागू होती है तो देश का छोटा किसान खत्म हो जाएगा और खेती केवल पूंजीपतियों तक सीमित रह जाएगी।

किसानों का कहना है कि अमेरिका से आने वाला कृषि उत्पाद सस्ते दामों पर बाजार में बेचा जाएगा। इससे स्थानीय किसानों की फसलें नहीं बिक पाएंगी और उनका माल गोदामों में पड़ा रह जाएगा। इससे किसान, मजदूर और व्यापारी सभी प्रभावित होंगे। किसानों ने इसे पूरी तरह किसान विरोधी समझौता बताया।

भाकियू नेताओं ने घोषणा की कि 10 मार्च को हरियाणा में तहसील स्तर पर कैंडल मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद 23 मार्च को कुरुक्षेत्र के पिपली में किसान महापंचायत आयोजित की जाएगी। इस महापंचायत में आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में पश्चिमी यमुना नहर पर कैथल रोड के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। उसकी बाइक नहर किनारे खड़ी मिली है, जिससे अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने युवक के साथ दिनभर मारपीट की थी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर जब परिजनों ने तलाश की तो नहर के पास बाइक मिली। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। लापता युवक की पहचान शिव कालोनी निवासी 25 वर्षीय शुभम के रूप में हुई है। उसकी शादी तीन साल पहले हुई थी और वह एक बच्चे का पिता है। शुभम सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। शुभम की मां ने आरोप लगाया कि उसके बेटे के साथ करीब 10 लोगों ने मारपीट की, जिनमें उसका ससुरए एक पड़ोसी और अन्य लोग शामिल थे। तीन महिलाएं भी मारपीट में शामिल बताई गई हैं।

मां के अनुसार शुभम को पूरी कालोनी में भगा-भगा कर पीटा गया। बाद में आरोपी उसे घर छोड? आए और वहां भी मारपीट की। जब वह बेटे को छुड़ाने गई तो उसे कमरे में बंद कर दिया गया। इस दौरान शुभम उसे आवाज लगाता रहा। आरोप है कि आरोपियों ने घर में तोडफोड़ भी की। मां का कहना है कि शुभम का ससुर उसे रोज शराब पिलाने के लिए अपने साथ ले जाता था। वह इसका विरोध करती थी, लेकिन उनकी बात नहीं मानी जाती थी। ससुर भी उसी कालोनी में रहता है। परिवार का कहना है कि विवाद किस बात पर हुआ, इसकी जानकारी नहीं है।

शुभम के छोटे भाई गुरजीत ने बताया कि ससुर का रात करीब 9 बजे फोन आया था और वह शुभम को अपने साथ ले गया।

### डिलीवरी बॉय को बंधक बनाकर पिटाई, शिकायत पर जांच शुरू

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगरः** शहर में एक डिलीवरी एजेंट के साथ कथित तौर पर बंधक बनाकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।
पीड़ित युवक डिलीवरी का काम करता है। उसका आरोप है कि सड़क दुर्घटना के बाद कुछ लोगों ने उसे जबरन कार में बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर पीटा। सेक्टर-18 निवासी हरविंद्र कुमार के अनुसार, वह वीरवार शाम डिलीवरी देने जा रहा था। जिंदल अस्पताल के निकट उसकी बाइक एक ऑडी कार से टकरा गई। युवक का कहना है कि उसने मौके पर ही माफी मांग ली थी लेकिन कार चालक ने गाड़ी

# कैब ड्राइवर मर्डर केस का हुआ खुलासा, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**गिरफ्तार**

**रिमांड के दौरान गाड़ी, सामान और हत्या में प्रयोग किए गए कपड़े की रिकवरी की जाएगी।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में पश्चिमी यमुना नहर की पटरी के पास स्टौंडी गांव के क्षेत्र में झाडि?ों के बीच मिले कैब ड्राइवर शाहरूख खान मर्डर मामले की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने करनाल के कैमला गांव के प्रवीन उर्फ पिन्ना और सोनीपत जिला के ज्वारा निवासी जतिन को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी राजीव ने प्रेस वार्ता में खुलासा किया है कि दोनों आरोपियों ने दिल्ली के जहांगीरपुरी से कैमला के लिए कैब बुक की थी। ये दोनों कैब में सवार होकर आए और बाद में इनके मन में लूटपाट का इरादा आया। इसके बाद ये गाड़ी को स्टौंडी के पास लेकर गए, जहां पर इन्होंने कपड़े की मदद से शाहरूख की हत्या कर दी और गाड़ी व अन्य सामान लेकर फरार हो गए। प्रवीन उर्फ पिन्ना को शिमला से बीती रात करीब डेढ बजे गिरफ्तार किया गया है, जिसको कोर्ट में पेश किया गया और तीन दिन के रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान ही दूसरे आरोपी जतिन का नाम सामने आया और जतिन को पानीपत के अहर गांव के गिरफ्तार किया गया है। अब उसे भी कोर्ट में पेश किया जाएगा और रिमांड पर लिया जाएगा।
दोनों से रिमांड के दौरान गाड़ी, सामान और हत्या में प्रयोग किए गए कपड़े की रिकवरी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के भलस्वा डेयरी निवासी 22 वर्षीय शाहरुख खान कैब ड्राइवर के रूप में काम करता था। वह 23 फरवरी को सवारी लेकर कैमला गांव गया था और उसके बाद से लापता था। 24 फरवरी को उसका शव स्टौंडी गांव के पास झाडि?ों में पड़ा मिला था।

### सड़क के गड्ढों से बाल बाल बचा पूरा परिवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** चीका शहर की अधिकतर सड़कें टूटी पड़ी हैं। सड़कों पर जगह जगह गड्ढे पड़े हुए हैं। गड्ढों के कारण कई लोगों की जानें जा चुकी हैं और दर्जनों लोग चोटिल हो चुके हैं। लोग धरने, प्रदर्शन व शिकायतें करके भी थक चुके हैं परंतु गुहला प्रशासन व सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। मौके पर मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी मदन कुमार ने बताया कि ऐसी ही एक घटना आज सांय यहां के शहीद उधम ङ्कसह चौक पर घटी, जब एक व्यक्ति अपनी पत्नी व एक छोटे बच्चे के साथ बाइक पर अपने गांव पहाड़पुर जा रहा था कि सड़क पर गड्ढे में लगकर उसकी बाइक गिर गई और तीनों ही सड़क पर जा गिरे। मदन के अनुसार उनकी किस्मत अच्छी थी कि घटना के समय पीछे से कोई बड़ा वाहन नहीं आ रहा था अन्यथा गड्ढों के चलते एक बार तो पूरे परिवार की जिंदगी ही दांव पर लग गई थी। बाइक पर सवाल लोगों के नीचे गिरते ही आसपास के दुकानदारों ने दौड़कर सभी को उठाया। हालांकि किसी को भी ज्यादा चोट नहीं लगी परंतु अचानक बाइक के गिर जाने से छोटी बच्ची सहम गई और काफी देर तक रोती रही। बाद में दुकानदारों ने तीनों को थोड़ी देर बिठाया और पानी पिलाकर उनके घर के लिए रवाना किया।

# टाइटन स्टार्स ने फार्मेसी पैंथर को हराकर जीता कबड्डी खिताब

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 27 फरवरी।** पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ, कामी रोड में तीन दिवसीय खेल महोत्सव (मेपल मिराज-2026) रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। खेल महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित इंटर डिपार्टमेंट कबड्डी मुकाबले के फाइनल में बीटेक के छात्रों की टीम टाइटन स्टार्स ने फामेर्सी पैंथर को हराकर खिताब जीता। टाइटन स्टार्स की टीम में शामिल देवांशु, वाहिद हसन, चिराग तंवर, अंकित शर्मा, अमन शर्मा, अभिज्ञान, शिवम,



रजत आदि खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को खिताबी जीत दिलाई। डिप्लोमा के छात्रों की टीम रेड वारियर को तीसरा स्थान मिला। वहीं, बास्केटबॉल मुकाबले में टीम निक्स ने गून स्कवॉड को हराकर खिताब जीता, जबकि क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में बीटेक की टीम ने फामेर्सी की टीम को 99 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर जगवीर मलिक व पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन ने संस्था के सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप व रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू के साथ विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल व सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर स्काउट्स एवं गाइड्स के असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर जगवीर मलिक ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेल तनाव और चिंता को कम करता है। यह एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है, जिससे पढ़ाई करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों को समय का सही इस्तेमाल, अनुशासन और नेतृत्व कौशल सिखाता है। टीम गेम्स से एक दूसरे की मदद करना और एकता की भावना विकसित होती है। यदि हम प्रतिदिन खेल खेलते हैं तो वह हमारे मानसिक कौशल को विकसित करता है।

# गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय परेड में शामिल हुई वीना का गर्मजोशी से हुआ स्वागत

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** डीएवी कालेज चीका की एनसीसी इकाई के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि कालेज की प्रतिभाशाली कैडेट वीना ने 26 जनवरी को आयोजित प्रतिष्ठित आर.डी. परेड नई दिल्ली में भाग लेकर संस्थान का नाम रोशन किया। गणतंत्र दिवस के इस राष्ट्रीय समारोह में देशभर से चयनित उत्कृष्ट एनसीसी कैडेट्स को ही शामिल होने का अवसर मिलता है और कैडेट वीना का चयन उनके अनुशासन, समर्पण एवं कठिन परिश्रम का परिणाम है। कालेज आगमन पर आज एनसीसी के ए.एन.ओ. डा. जसविंदर सिंह एवं



प्राचार्य महोदय ने कैडेट वीना का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि कैडेट वीना ने न केवल कालेज, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी एनसीसी से जुड़कर अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी ए.एन.ओ. डा. जसविंदर सिंह ने बताया कि आर.डी. परेड के लिए चयन प्रक्रिया अत्यंत कठिन होती है, जिसमें शारीरिक दक्षता, परेड कौशल, व्यक्तित्व परीक्षण एवं विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन शामिल होता है।

### रामथली समाधां में 3 मार्च को होगा 18वां मां भगवती जागरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला उपमंडल के गांव रामथली समाधां में होली के शुभ अवसर पर 3 मार्च को प्राचीन समाध दरबार पुरी के प्रांगण में 18वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले 2 मार्च को होलिका दहन कार्यक्रम होगा। 3 मार्च को रात 8 समाजसेवी वेद प्रकाश गर्ग दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। जागरण में हरियाणवी कलाकार प्रेम शर्मा माता रानी का गुणगाण करेंगे।

# कोई पिछले जन्म के अच्छे कर्म मुझे बाबा तेरा प्यार मिला ...

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष में आयोजित प्रभात फेरियों की श्रृंखला में आज 15वें दिन की प्रभात फेरी शक्ति नगर निवासी रमेश कुमार व प्रदीप कुमार के आवास पर पहुंची, जहां परिवार ने पालकी का स्वागत पुष्प वर्षा करके किया। सर्वप्रथम ठाकुर जी के मंगलाचरण और गुरु वंदना मंडल के प्रधान रविंद्र बिंदल ने कोई पिछले जन्म के अच्छे कर्म, मुझे बाबा तेरा प्यार मिला, करके की। उसके बाद अरविंद शर्मा ने राधा रानी कृपा कीजिए भजन सुनाया। संकीर्तन मंडल की बहनों ने होली के रसिया मेरो खोए गयो बाजूबंद रसिया होली में आज



बिरज में होली रे रसिया होली खेले तो आ जइयो बरसाने रसिया सुनाएं। आशु वर्मा ने होली खेल रहे बांके बिहारी आज रंग बरस रहा भजन सुना कर सभी को मानसिक रूप से वृंदावन पहुंचा दिया। कमल सिंगला ने बल्ले बल्ले वई होली दा त्यौहार आ गया, आओ रंग गुलाल उड़ाईए, भजन सुना कर सभी को ठाकुर जी के रंग में रंग दिया। राधा माधव मंडल के मुख्य गायक पाली गर्ग ने आ गया चित चोर नी दिल सांभ के रखना। फागुन आयो रे चलो श्याम के द्वारे, आज खाटू में होली रे रसिया भजन सुना कर कीर्तन में चार चांद लगा दिए। कमल सिंगला ने कनाडा से आए लक्की गर्ग को उनकी बेटी वृंदा की बधाई गाते हुए, मैं तो भानु बाबा के घर जाऊंगी, हां बधाई लेकर आऊंगी, भजन सुना कर बधाई दी। अंत में परिवार ने ठाकुर जी को छप्पन भोग लगाया और प्रसाद वितरित किया। आज की प्रभात फेरी में पुष्पा, संतोष, अंजू बिंदल, मीनू सिंगला, लक्ष्मी, अनु, रमेश कुमार, प्रदीप कुमार, नरेश कुमार, सतपाल, लक्की गर्ग, रविंद्र बिंदल, पाली गर्ग और सैकड़ो प्रेमियों ने भाग लिया।

# रैडक्रास से जुड़कर युवा कर सकते हैंकुरीतियों को दूर करने में अहम रोल अदा: धतरवाल

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
उपायुक्त एंव प्रधान, जिला रैडक्रास सोसाईटी डा0 वीरेन्द्र कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन व उपाध्यक्ष्य अंकुश मिगलानी एंव भारतीय रैडक्रास सोसाईटी महासचिव डा0 सुनील कुमार से प्राप्त निदेर्शानुसार विगत 23 फरवरी से 27 फरवरी तक पांच दिवसीय यूथ रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में नगर निगम संयुक्त आयुक्त संजय धतरवाल ने बतौर मुख्य अतिथि तथा एस.डी. कालेज प्रधान दिनेश गोयल ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरक्त की। इस अवसर पर सचिव गौरव राम करण, शिविर निदेशक हरमेश चन्द, पानीपत व प्राचार्या डा0 अनुपम्म अरोड़ा सहित विभिन्न कालेजों के यूथ रैडक्रास



काउंसलर व रैडक्रास स्टाफ सदस्य मौजूद रहे और मुख्य अतिथिगण का स्वागत पुष्प गुच्छ व फूल मालाओं से किया गया। समारोह की शुरआत रैडक्रास झंडे को सलामी देकर व अतिथिगण को रैडक्रास कैप व स्कार्फ पहनकार की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्जवलन किया गया और रैडक्रास के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूना को पुष्प अर्पित किए गये।
मुख्य अतिथि नगर निगम संयुक्त आयुक्त संजय धतरवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिविर के दौरान प्रतिभागियों को समाजिक कुरीतियों के बारे में जागरूक करके व युवाओं के योगदान को समाज सेवा से जुड़ने के लिये किय गये प्रयास सराहनीय है। उन्होंनें कहा कि रैडकास विश्व की 193 देशों में फैला हुआ है, जो कि समाज सेवा जुड़ने का एब बहुत अच्छा प्लेटफार्म है। उन्होंनें युवाओं से अपील की कि उन्हें मरीजों की मदद के लिये रक्तदान में आगे आना चाहिये। उन्होंनें प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि आज की युवा पीढ़ी को समाज में फैली कुरतीयों को दूर करने में अहम रोल अदा करना चाहिये। उन्होंनें युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रेरित करते हयु कहा कि रक्त नाड़ियों में बहे ना कि नालियों में।
सचिव गौरव राम करण ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को स्वागत किया और शिविर के बारे में अवगत कराते हुये कहा कि इस शिविर में जिला पानीपत के 17 कालेजों से 140 से अधिक प्रातिभागी भाग ले रहे है।
प्रतिभागियों को समाज सेवा के क्षेत्र से जोड़ने के लिये हर संभव प्रयास किए गए ताकि यूथ प्रोत्साहित होकर समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने में सहयोग दें। उन्होंनें प्रतिभागियों को बताया कि श्री. सजंय धतरवाल, एच.सी.एस. बतौर संयुक्त आयुक्त, नगर निगम, पानीपत में सेवारत है और एक नेक और ईमानदार छवि के व्यक्ति है। उन्होंनें रैडक्रास के संस्थापक सर जीन हैनरी जी के जीवन व रैडक्रास के सात सिद्वांतों पर प्रकाश डालते हुये, युवाओं को उनपर चलने के लिये प्रेरित किया।

# उपायुक्त के नेतृत्व में पानीपत शिकायत निस्तारण में प्रदेश में प्रथम: डॉ. किरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत**
समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक 27 फरवरी को वर्चुअल रूप से आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा सरकार की प्रधान सचिव सुश्री अमनीत पी कुमार ने की। उन्होंने समीक्षा बैठक में प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

प्रधान सचिव ने निर्देश दिए कि जिन शिकायतों के समाधान में कठिनाइयाँ आ रही हैं, संबंधित अधिकारी मौके का दौरा कर




प्रख्यात व्यक्तियों और संबंधित पक्षों से संवाद स्थापित करें, ताकि समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक के दौरान पानीपत जिले में प्रवृत्ति संबंधी मामलों में हुई प्रगति पर विशेष रूप से सराहना की गई। उपस्थित अधिकारियों ने तालियां बजाकर इस उपलब्धि का स्वागत किया।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण ने बताया कि हमें अपार खुशी है कि जिला पानीपत ने पूरे हरियाणा में शिकायतों के निस्तारण में पहला स्थान हासिल किया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# किसानों की समृद्धि और खुशहाली से ही विकसित भारत का सपना होगा साकार : मुख्यमंत्री साय

**किसानों की समृद्धि**

**10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित करने की घोषणा पर आभार जताया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अन्नदाता देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ है और किसानों की समृद्धि और खुशहाली से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री से आज शुक्रवार को उनके निवास कार्यालय में प्रदेश के किसानों ने सौजन्य मुलाकात की और कृषक उन्नति योजना के माध्यम से धान के अंतर की 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित करने की घोषणा पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किसानों ने मुख्यमंत्री को धान से तौलकर प्रदेश के अन्नदाताओं की ओर से अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदैव किसानों की चिंता करते हैं और उनकी आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और किसानों की उन्नति ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि अटल जी के समय किसानों को सशक्त बनाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था लागू की गई, जिससे किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध होने लगा। इससे पहले किसानों को महाजनों से ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता था, जिससे वे आर्थिक शोषण का शिकार होते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसानों को ब्याज मुक्त पूंजी की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंच रहा है और प्रदेश में सिंचाई का रकबा लगातार बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है, जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि धान के अंतर की लगभग 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी।

28 फरवरी को बिलासपुर जिले से इस राशि का अंतरण किया जाएगा और पूरे प्रदेश के विकासखंडों में इसे उत्सव की तरह मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार आगे भी किसानों के हित में प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

## मुख्यमंत्री साय ने की फिल्म 'शतक' को छत्तीसगढ़ में टैक्स-फ्री करने की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार की देर रात राजधानी रायपुर स्थित जोरा मॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित फिल्म शतक देखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय के साथ मंत्रिमंडल के सदस्य तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।
मुख्यमंत्री साय ने फिल्म के प्रदर्शन के बाद कहा कि शतक केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, जनसेवा और समर्पण की सतत साधना का सजीव चित्रण है। उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरक गाथा जन-जन तक पहुँचे और नई पीढ़ी को राष्ट्र सेवा की भावना से प्रेरणा मिले, इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में इस फिल्म को टैक्स-फ्री करने का निर्णय लिया गया है।
मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी के तप, त्याग और दूरदर्शी विचारों से प्रारंभ हुई इस यात्रा को पूजनीय माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जी ने नई दिशा और संगठनात्मक शक्ति प्रदान की। एक शताब्दी का यह इतिहास लाखों स्वयंसेवकों के अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना का जीवंत प्रमाण है।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शिक्षा, सेवा और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का कार्य किया है। आपदा, संकट और सामाजिक आवश्यकताओं के समय संघ कार्यकर्ताओं की सेवा भावना ने समाज को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# देश ने मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व प्रगति की है : गजेन्द्र सिंह



**स्वदेशी**

**वायुसेना का प्रदर्शन देश की उच्चतम सैन्य क्षमता का परिचायक होगा: केंद्रीय मंत्री**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि एक ओर भारत की सामरिक शक्ति में जबरदस्त इजाफा हुआ है, तो दूसरी ओर रक्षा साजो-सामान के स्वदेशी निर्माण की क्षमता भी तेजी से बढ़ी है।
केंद्रीय मंत्री शुक्रवार को दिल्ली से जोधपुर पहुंचे और अपने निवास स्थान पर गणमान्य लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब भारत रक्षा क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े आयातकों में गिना जाता था, लेकिन अब देश निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि तेजस लड़ाकू विमान से लेकर मिसाइल और बुलेटप्रूफ जैकेट तक, आज सब कुछ भारत में ही निर्मित हो रहा है।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति की मौजूदगी में होने वाला वायुसेना का प्रदर्शन देश की उच्चतम सैन्य क्षमता का परिचायक होगा। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से वहां रहने वाले लोगों का भारत की ताकत और क्षमता पर भरोसा और मजबूत होगा। आतंकवाद के मुद्दे पर शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और यह नीति वैश्विक स्तर पर लागू होती है। उन्होंने कहा कि आज वे देश भी आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपना रहे हैं, जो पहले इसे बढ़ावा देते रहे हैं। शेखावत ने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर भी कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में पश्चिम बंगाल में टीएमसी का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

# जर्मनी प्रवास से लौटे उप मुख्यमंत्री मौर्य ने प्रदेश में निवेश बढ़ाने का संकल्प दोहराया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जर्मनी के सफल एवं उद्देश्यपूर्ण प्रवास के उपरांत आज भारत लौट आए। नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर समर्थकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री के लखनऊ के कार्यालय से दी जानकारी के अनुसार जर्मनी प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग जगत के



अग्रणी लीडर्स, निवेशकों एवं औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ सार्थक एवं परिणामोन्मुखी संवाद किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की उद्योग अनुकूल नीतियों, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, बेहतर बुनियादी ढांचे, विकसित हो रहे एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी तथा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश आज देश का सर्वाधिक संभावनाओं वाला राज्य है, जहां विनिर्माण, अवसंरचना, एमएसएमई , कृषि आधारित उद्योग, रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स एवं नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। प्रदेश सरकार निवेशकों को

**औद्योगिक**

**औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।**

ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्न के अंतर्गत त्वरित अनुमतियां, भूमि उपलब्धता, नीतिगत प्रोत्साहन एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जर्मनी के उद्योग प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर सकारात्मक रुचि व्यक्त की है। यह प्रवास प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि यह यात्रा प्रदेश के औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मोदी की अजमेर सभा को लेकर पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शनिवार को अजमेर की कायड़ विश्रामस्थली पर प्रस्तावित जनसभा को लेकर राजस्थान पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। राजस्थान पुलिस ने 28 फरवरी को संभावित यातायात दबाव को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर आमजन और वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है। 28 फरवरी को प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक किशनगढ़-गेगल-कायड़-ब्यावर तथा किशनगढ़-गेगल-कायड़-अजमेर मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना है। एडीजी कानून एवं व्यवस्था वीके सिंह ने बताया कि इस समयावधि में ट्रैफिक कंजेशन की स्थिति बन सकती है।

# सिलिकोसिस को लेकर गहलोत ने साधा सरकार पर निशाना

**स्थापना दिवस**

**सिलिकोसिस एक लाइलाज और घातक बीमारी है, जिससे गरीब खदान और निर्माण मजदूर प्रभावित हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजस्थान में सिलिकोसिस जैसी जानलेवा बीमारी को लेकर सियासत गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर राज्य की वर्तमान सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सिलिकोसिस एक लाइलाज और घातक बीमारी है, जिससे प्रदेश के हजारों गरीब खदान और निर्माण मजदूर प्रभावित हैं, लेकिन सरकार उनकी सुध नहीं ले रही। गहलोत ने अपने कार्यकाल के दौरान उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए लिखा कि वर्ष 2013 में उनकी सरकार ने सिलिकोसिस पीड़ितों के लिए चार लाख रुपये की सहायता राशि की शुरूआत की थी। इसके बाद 2019 में देश की पहली सिलिकोसिस पॉलिसी लागू की गई। उन्होंने बताया कि इस नीति के तहत पांच लाख रुपये की सहायता का प्रावधान किया गया था, जिसमें तीन लाख रुपये बीमारी के दौरान और दो लाख रुपये मृत्यु की स्थिति में दिए जाते हैं। साथ ही निशुल्क इलाज और 1500 रुपये मासिक पेंशन की व्यवस्था भी की गई थी। गहलोत के अनुसार, वर्ष 2019 से 2023 के बीच करीब 35 हजार मरीजों को 911 करोड़ रुपये से अधिक की प्रत्यक्ष सहायता दी गई। पूर्व मुख्यमंत्री ने वर्तमान भाजपा सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि आज सिलिकोसिस पीड़ितों के नए कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। कई कार्ड बिना कारण ब्लॉक कर दिए गए हैं, जिससे मजदूरों को सहायता राशि नहीं मिल पा रही और वे आर्थिक संकट में हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों को भी पॉलिसी का लाभ नहीं मिल रहा है।



# राजस्थान निवेश के लिए पूरी तरह तैयार : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान प्रौद्योगिकी, डिजिटल गवर्नेंस और स्टार्टअप इकोसिस्टम के क्षेत्र में तेजी से अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और नीतियों व प्रक्रियाओं को सरल बनाकर निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान में निवेश कर राज्य के विकास में सक्रिय भागीदार बनें और आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहयोग दें।
मुख्यमंत्री शुक्रवार को जयपुर के एक निजी होटल में आयोजित



ह्यराजस्थान सी-साइड स्टार्टअप समिट-2026ह्न को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह समिट नवाचार, निवेश और वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। समिट का आयोजन आर्मेनिया गणराज्य और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत इनोवेशन और उद्यमशीलता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ह्यभारत के लिए नवाचार करें और भारत से नवाचार करेंह्न की भावना के अनुरूप राज्य सरकार भी तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हुए थे, जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई, डीपटेक, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है।
पिछले दो वर्षों में आई-स्टार्ट कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में 3,450 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि एनिमेशन, गेमिंग, एक्सटेंडेड रियलिटी और कॉमिक्स जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बजट 2026-27 में स्टार्टअप हब्स को टिंकरिंग लैब, डीप-टेक लैब्स और एआई लैब्स से सुसज्जित करने के लिए प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2026 और राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी-2026 को कैबिनेट से अनुमोदन मिल चुका है। साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 के तहत पात्र उद्यमों को प्रीमियम में 75 प्रतिशत छूट दी जा रही है।

**इकोसिस्टम**

**प्रौद्योगिकी, डिजिटल गवर्नेंस और स्टार्टअप इकोसिस्टम के क्षेत्र में तेजी से अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा**

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन संग विवाह समारोह में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को अपनी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट स्थित बोहरा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक प्रदीप यादव के सुपुत्र डॉ. ऋत्विज के विवाह उपलक्ष्य में आयोजित वर-वधू स्वागत समारोह में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नवविवाहित दंपति को सुखद, सफल और खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने दोनों को आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से



मुलाकात कर नवदंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में विधायक प्रदीप यादव, उनके परिजन, रिश्तेदार एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतक उपस्थित रहे। कार्यक्रम पारंपरिक और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।
, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों

# मप्र में अवैध कॉलोनी बनाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, तीन माह में लागू होगा कड़ा कानून: विजयवर्गीय

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन शुक्रवार को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सदन में अवैध कॉलोनियों के मुद्दे पर सख्त कार्रवाई का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने के लिए तीन माह में कड़ा कानून लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य अवैध कॉलोनियों के निर्माण को रोकना है। मध्य प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को सीधी से भाजपा विधायक रीति पाठक ने अवैध कालोनियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सीधी नगरपालिका क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों में बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के कई अवैध कॉलोनियों का निर्माण हो रहा है। सरकार इन पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठा रही है? इसके जवाब में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जो अवैध कॉलोनियां वैध की जा सकती हैं, उन्हें वैध करने पर विचार किया जा रहा है और जो कॉलोनियां वैध नहीं हो सकतीं, उनके संबंध में भी सरकार स्तर पर विचार किया जा रहा है और आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियां बनाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी। कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के संरक्षण में अवैध कॉलोनियां और बिल्डर लगातार अवैध कॉलोनियों का विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे अवैध निर्माण को बढ़ावा मिल रहा है। इसे लेकर सीधी विधायक रीति पाठक ने भी सदन में सवाल किया। इसके जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाने के लिए तीन महीने के भीतर कड़ा कानून लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य अवैध कॉलोनियों के निर्माण को रोकना है। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अवैध कॉलोनियां बनाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक रीति पाठक के शहर के विकास कार्यों में हो रही देरी को लेकर पूछे सवाल के जवाब में मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि सरकार ने सीधी के पुराने बस स्टैंड को गिराकर नया शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए लगभग 7 करोड़ रुपये की राशि पहले ही स्वीकृत कर दी थी। निविदा प्रक्रिया में समय लगने के कारण अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, लेकिन इसे जल्द ही शुरू करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण का काम अगले कुछ महीनों में प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीवर लाइन निर्माण परियोजना सीधी नगरपालिका क्षेत्र के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है। सीवर लाइन निर्माण परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति जल्द ही जारी कर दी जाएगी। विजयवर्गीय ने बताया कि यह परियोजना शहरवासियों के लिए जीवन स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक रीति पाठक ने मंत्री के इस एलान का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न केवल शहर का विकास होगा, बल्कि अवैध कॉलोनियों की समस्या पर भी सख्त कदम उठाए जाने से नागरिकों को राहत मिलेगी। प्रश्नकाल में सागर की पाइप लाइन का मुद्दा उठाविधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सागर से भाजपा विधायक शैलेंद्र जैन ने पाइप लाइन का मुद्दा उठाया।

